# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025






PLAIN
22KT GOLD JEWELLERY
FLAT 9% OFF
MAKING CHARGES

ANTIQUE
22KT GOLD JEWELLERY
11% OFF ONWARDS
MAKING CHARGES

DIAMOND & POLKI JEWELLERY
50% OFF FLAT
MAKING CHARGES

ऑफ़र केवल सीमित समय के लिए

FISHTECH SOLUTIONS PVT. LTD.


CREATIVE HUB ADVERTISING

*T&C Apply

सही शुध्दता - सही सलाह - सही कीमत - सर्वश्रेष्ठ डिजाइन्स

Raipur, Sadar Bazaar +91 9584411144 | Durg, Shree Shivam Mall +91 9244509870

100% HUID हॉलमार्क ज्वेलरी। | 100 % IGI सर्टिफाइड डायमंड ज्वेलरी | 1,00,000+ डिजाइन्स की उत्कृष्ट रेंज | 100% लाइफटाइम बाय बैक गारंटी | SUNDAY OPEN



**प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण करने 43 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ था**

# भारतमाला भू-अधिग्रहण में हेरफेर कर 78 करोड़ का भुगतान, दस के खिलाफ 7000 पेज का चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

भारतमाला प्रोजेक्ट में भू-अधिग्रहण करने के नाम पर 43 करोड़ रुपए घोटाला करने के आरोपियों के खिलाफ ईओडब्लू ने सोमवार को साढ़े सात हजार पन्नों का चालान पेश किया है। ईओडब्लू ने स्पेशल कोर्ट में चालान पेश किया है। जिन लोगों के खिलाफ चालान पेश किया गया है, उसमें तत्कालीन राजस्व विभाग के अधिकारी, पटवरियों के साथ जमीन कारोबारी, जमीन दलाल शामिल हैं। भारतमाला परियोजना भू-अधिग्रहण घोटाला में ईओडब्लू ने 25 अप्रैल को 20 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी।

छापे की कार्रवाई के बाद ईओडब्लू ने 10 लोगों को आरोपी बनाया था। ईओडब्लू ने जिन लोगों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया है, उनमें हरमीत सिंह खनूजा, उमा तिवारी, केदार तिवारी, विजय जैन, कुंदन बघेल, भोजराज साहू, खेमराज कोसले, पुन्नूराम देशलहरे, गोपाल वर्मा, नरेंद्र नायक के नाम शामिल हैं।

**एक ही परिवार के 14 लोगों के नाम जमीन-** भारतमाला परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण करने सर्वे होने के कुछ दिन पूर्व एक ही परिवार के 14 लोगों के नाम पर जमीन बांट दी गई। इसके बाद उस परिवार के सदस्यों को 70 करोड़ रुपए मुआवजा का भुगतान कर दिया गया। जांच अधिकारियों ने तत्कालीन अफसरों की इस कार्यप्रणाली का सीधा जिक्र अपनी जांच रिपोर्ट में किया है। जमीन अधिग्रहण के नाम पर घोटाला होने की आशंका को लेकर एनएचएआई के अधिकारियों ने भी आपत्ति जताई थी। आपत्ति के बाद जांच रिपोर्ट को सचिव राजस्व विभाग को भेजा गया और मुआवजा वितरण रोका गया।


हरिभूमि

घोटालों की भारतमाला, जांच के लिए अब चार टीमें, 100 से अधिक शिकायतों की करेंगी पड़ताल

**159 खसरे में बांटकर जमीन 80 लोगों के नाम चढ़ाई:** राजस्व विभाग के रिकार्ड के अनुसार मुआवजा राशि 29.5 करोड़ रुपए के करीब होती है। जमीन दलालों ने राजस्वल विभाग के अफसरों के सथ साठ-गांठ कर अभनपुर स्थित नाकबांधा और उरला में जमीन को छोटे टुकड़ों में काटकर 159 खसरे में बांट दिया। मुआवजा राशि हासिल करने जमीन फर्जी तरीके से 80 लोगों के नाम पर चढ़ा दी। जमीन छोटे टुकड़े में बांटे जाने पर जमीन की कीमत 29.5 करोड़ से बढ़कर 78 करोड़ रुपए हो गई।

## यह है पूरा मामला

रायपुर से विशाखापट्टनम तक करीब 463 किमी लंबी नई फोरलेन सड़क बनाई जा रही है। सड़क बनाने की चिन्हांकित जगह की जमीन की कारोबारियों ने विभागीय अफसरों के साथ साठ-गांठ कर जानकारी निकाली। इसके बाद जमीन को टुकड़ों में बांटकर जमीन की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराकर एनएचएआई को 78 करोड़ रुपए का भुगतान दिखाया गया। इसके लिए एसडीएम, पटवारी और भू-माफिया के सिंडिकेट ने बैक डेट पर दस्तावेज तैयार कर घोटाले को अंजाम दिया। घोटाला उजागर होने के बाद कोरबा डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे तथा उसके पूर्व जगदलपुर निगम कमिश्नर निर्भय साहू को सस्पेंड किया गया।

## घोटाले में किसकी क्या भूमिका

उमा तिवारी - उमा तिवारी के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से भूमि का नामांतरण कर मुआवजा प्राप्त किया गया। इससे शासन को लगभग 2 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ।

हरमीत खनूजा- जांच में यह भी स्थापित हुआ कि राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों ने जमीन दलाल हरमीत सिंह खनूजा एवं उसके सहयोगियों के साथ मिलकर किसानों को अधिक मुआवजा दिलवाने का प्रलोभन दिया। इन दलालों ने राजस्व अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर किसानों के नाम से बैक डेट में फर्जी बंटवारे एवं नामांतरण तैयार कराए, किसानों से कोरे चेक एवं आरटीजीएस प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करवाए और प्राप्त मुआवजे की राशि का बड़ा भाग अपने तथा अपनी सहयोगी फर्मों के खातों में ट्रांसफर करवा लिया।

-नरेंद्र नायक, गोपाल वर्मा - जल संसाधन विभाग के तत्कालीन अधिकारी नरेंद्र वर्मा , गोपाल वर्मा ने अन्य अभियुक्तों के साथ मिलकर मिलकर डूबान क्षेत्र से जुड़े पूर्व अधिग्रहण अभिलेखों को दबाया तथा मिथ्या प्रतिवेदन तैयार किए। प्रभावित किसानों को उनके वैध हक से वंचित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य संबंधित राजस्व एवं तकनीकी अधिकारीगण द्वारा भी अधिग्रहण से संबंधित अभिलेखों में हेराफेरी तथा वास्तविक स्थिति छिपाने जैसी अनियमितताएं की गई।

### इनकी गिरफ्तारी होना बाकी है

घोटाले में आरोपी बनाए गए अभनपुर के तत्कालीन राजस्व अधिकारी निर्भय साहू, हल्का पटवारी दिनेश पटेल, राजस्व निरीक्षक रोशन लाल वर्मा, तत्कालीन तहसीलदार शशिकांत कुर्रे, पटवारी जितेंद्र साहू, बसंती घृतलहरे, लेखराम देवांगन, तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण फरार हैं।

ये है आरोपी


गोपाल वर्मा, नरेंद्र नायक, उमा तिवारी, केदार तिवारी, हरमीत खनुजा, विजय जैन, खेमराज कोशले, पुनूराम देशलहरे, भोजराम साहू, कुंदन बघेल

---

सरकार-स्वास्थ्य मंत्री को निर्देश, कहा- ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करिए

# मंत्री के निज सचिव की पत्नी ने सड़क पर काटा केक, हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निज सचिव राजेंद्र दास ने अपनी पत्नी का बर्थडे सड़क पर सेलीब्रेट किया। पत्नी ने सड़क पर लग्जरी कार की बोनट पर केक काटा, फिर जमकर आतिशबाजी भी की। इस पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई है। सरकार को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और न्यायाधीश अमितेंद्र प्रसाद की खंडपीठ ने सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। साथ ही सरकार को भी कहा कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें। कोर्ट में छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से पक्ष रखने वाले महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की गई है। हालांकि राजेंद्र दास की पत्नी को मुचलके पर छोड़ दिया गया था। ध्यान रहे कि भाजपा नेता राजेंद्र दास की पत्नी का यह बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो गुरुवार रात का बताया जा रहा है।

**कांग्रेस ने शेयर किया था वीडियो-** कांग्रेस ने सड़क पर बर्थडे सेलिब्रेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। साथ ही पूछा कि क्या हाईकोर्ट का नियम सिर्फ आम जनता के लिए है, भाजपा नेताओं और उनके सहायकों पर नियम लागू नहीं होता क्या? कांग्रेस ने लिखा था कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निज सचिव राजेंद्र दास, जो खुद भाजपा नेता भी हैं। सड़क पर खुलेआम पत्नी का जन्मदिन मना रहे हैं। पटाखे फोड़कर आतिशबाजी के बीच सड़क को निजी जागीर बना दिया गया।



### एफआईआर में नाम नहीं

चिरमिरी थाने में पुलिस ने अपराध क्रमांक 0247, बीएनएस की धारा 125,285,3(5) के तहत जुर्म पंजीबद्ध किया है, जिसमें बताया गया है कि रात साढ़े आठ बजे सोनवानी चौक पर सफेद रंग की एक कार में कुछ लोग केक काटकर जन्मदिन मनाते दिख रहे हैं। यहां पटाखे भी चलाए जा रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार चालक एवं अन्य पर मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर में किसी का नाम दर्ज नहीं है और पुलिस ने आगे कोई कार्रवाई नहीं की है।

### मंत्री के पीए और पत्नी गिरफ्तार, मुचलके पर रिहा

मामला जब तूल पकड़ने लगा तो चिरमिरी पुलिस ने स्वास्थ्य मंत्री के पीए राजेंद्र दास और उनकी पत्नी एलिस दास को इस मामले में गिरफ्तार कर मुचलका पर रिहा किया है। चिरमिरी पुलिस ने यह जानकारी दी।

## हाईकोर्ट का फैसला- सहमति से बने संबंध बलात्कार की श्रेणी में नहीं माने जा सकते

छत्तीसगढ़ के बस्तर में रेप के आरोप में 10 साल की सजा काट रहे सीएएफ के जवान को हाईकोर्ट ने बरी कर दिया गया है। जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी की एकलपीठ ने कहा कि, यह मामला प्रेम संबंध का था, न कि झूठे विवाह वादे पर आधारित दुष्कर्म का। अदालत ने माना कि पीड़िता बालिग थी और लंबे समय तक अपनी मर्जी से जवान के साथ रही। दोनों के बीच शारीरिक संबंध आपसी सहमति से बने थे। इसलिए इसे दुष्कर्म नहीं कहा जा सकता।



■ 10 साल की सजा और 10 हजार जुर्माने की सजा रद्द

इसके साथ ही हाईकोर्ट ने फास्ट ट्रैक कोर्ट बस्तर (जगदलपुर) के 21 फरवरी 2022 को दिए गए फैसले को रद्द कर दिया है। फास्ट ट्रैक कोर्ट जगदलपुर ने 2022 में 10 साल की सजा और 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया था। बस्तर जिले के निवासी रूपेश कुमार पुरी के खिलाफ साल 2020 में पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, पीड़िता की शादी 28 जून 2020 को किसी दूसरे युवक से तय हुई थी, लेकिन उससे एक दिन पहले 27 जून 2020 को रूपेश उसे अपने घर ले गया। शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। आरोप था कि जवान ने उसे दो महीने तक अपने घर में रखा और बाद में धमकाकर निकाल दिया। शादी से इनकार कर दिया। इस शिकायत पर पुलिस ने धारा 376(2)(एन) के तहत मामला दर्ज किया था। फास्ट ट्रैक कोर्ट जगदलपुर ने 2022 में रूपेश को 10 साल की सजा और 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया था।

## हाईकोर्ट ने श्मशान घाटों और अंत्येष्टि स्थलों की हालत सुधारने किए जा रहे उपायों पर मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

■ अगली सुनवाई नवम्बर के प्रथम सप्ताह में होगी

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य के श्मशान घाटों और अंत्येष्टि स्थलों की हालत सुधारने के लिए किए जा रहे उपायों पर कार्रवाई रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा दी गई जानकारी पर कोर्ट ने शपथपत्र के साथ यह बताने कहा है कि जो निर्देश जारी किए गए, उन पर कितना काम हुआ। अगली सुनवाई नवम्बर प्रथम सप्ताह में रखी गई है। उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा रहंगी ग्राम पंचायत स्थित मुक्तिधाम में एक अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। वहां मुक्तिधाम दयनीय स्थिति में पाया। चीफ जस्टिस ने 29 सितंबर को इस पर संज्ञान लिया। सोमवार को सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने बताया कि मुक्तिधामों की हालत सुधारने के लिए कोर्ट के निर्देशानुसार कार्रवाई की जा रही है।

---

# साय बोले- राज्य में वन धन केंद्रों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय में कलेक्टर–डीएफओ संयुक्त कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के वन प्रबंधन, तेंदूपत्ता संग्राहकों के हित, लघु वनोपजों के मूल्य संवर्द्धन (वैल्यू एडिशन), ईको-टूरिज्म, औषधीय पौधों की खेती और वनों से जुड़ी आजीविका के विविध आयामों पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा, तेंदूपत्ता संग्राहक हितग्राहियों की संख्या आज 12 लाख से अधिक हो चुकी है, जो हमारे सामूहिक प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। अब आवश्यकता इस बात की है कि हम वन उपज का अधिकतम वैल्यू एडिशन करें। उन्होंने कहा कि राज्य में वन धन केंद्रों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है, ताकि ग्रामीणों को अधिक आय के साधन मिल सकें और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में अब 46 प्रतिशत वन आवरण हो चुका है, जो लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। उन्होंने कहा, इस उपलब्धि में कैम्पा योजना और "एक पेड़ मां के नाम" जैसी अभिनव पहल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कॉन्फ्रेंस में जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को भुगतान सात से पंद्रह दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही भुगतान की जानकारी एसएमएस के माध्यम से सीधे संग्राहकों के मोबाइल पर भेजी जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे।

■ कलेक्टर–डीएफओ कॉन्फ्रेंस : औषधीय पौधों की खेती के विस्तार की नई पहल



### तेंदूपत्ता संग्रहण की समीक्षा

कॉन्फ्रेंस में औषधीय पौधों की खेती के विस्तार हेतु प्रचार-प्रसार गतिविधियों को बढ़ाने और इसके लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अमले की सहायता लेने पर भी चर्चा की गई। बैठक में बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर जिलों में पिछले सीजन में हुए तेंदूपत्ता संग्रहण की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी सीजन के लिए पूर्व-कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए, ताकि संग्राहकों को समय पर लाभ मिल सके और किसी प्रकार की देर न हो।

### लघु वनोपज आधारित स्टार्टअप को मिलेगा प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने कहा, लघु वनोपजों को वनांचल क्षेत्रों में आजीविका के प्रमुख साधन के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। बैठक में लघु वनोपज आधारित स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने और वन धन केंद्रों को सुदृढ़ करने पर सार्थक चर्चा हुई, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिल सके। छत्तीसगढ़ हर्बल और संजीवनी ब्रांड के उत्पादों के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया गया। बैठक में निर्देश दिए गए कि इन उत्पादों की बिक्री ग्रामीण और शहरी दोनों बाजारों में बढ़ाई जाए, ताकि स्थानीय उत्पादों के लिए एक मजबूत मार्केट नेटवर्क विकसित हो सके। साथ ही, उत्पादों के जैविक प्रमाणीकरण की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने पर बल दिया गया।

### बस्तर और सरगुजा संभागों में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा- कश्यप

वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, यदि सभी कलेक्टर और वन अधिकारी समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से कार्य करें, तो इसके अत्यंत अच्छे परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा, बस्तर और सरगुजा संभागों में विशेष रूप से ईको-टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसे आजीविका से जोड़ने के लिए ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अब 75 प्रकार की लघु वनोपजों की खरीदी करने जा रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि लाख उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में दूसरे स्थान पर है, और यदि ठोस कार्ययोजना बनाकर लक्षित रूप से कार्य किया जाए तो प्रदेश देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सकता है।

---

# माशिम व सीबीएसई का परीक्षा पैटर्न होगा एक समान, 9वीं से 12वीं तक नए ब्लूप्रिंट पर होंगे पर्चे

*देशभर के सभी शिक्षा बोर्ड में एकरूपता लाने कवायद, गठित हुई कमेटी*

*माशिम व सीबीएसई सहित देश में 66 स्कूल एज्यूकेशन बोर्ड को प्राप्त है मान्यता*



**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, सीबीएसई सहित देशभर के शिक्षा बोर्ड में एकरूपता लाने की कवायद शुरू हो गई है। देश के सभी एजूकेशन बोर्ड के 10वीं और 12वीं के रिजल्ट यानी सर्टिफिकेट का मानक एक जैसा करने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसे लेकर एनसीईआरटी अर्थाता राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने एक्सपर्ट कमेटी गठित की है।यह बदलाव छात्रों को लाभ प्रदान के उद्देश्य से किया जा रहा है। एक्सपर्ट के मुताबिक ऐसा होने से 12वीं के बाद दाखिला होने के लिए होने वाले एंट्रेंस एग्जाम में सभी बोर्ड के छात्रों को समान अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। अभी तक एंट्रेंस एग्जाम को सीबीएसई के पक्ष का माना जाता है। अर्थात ऐसा माना जाता है कि सीबीएसई की परीक्षाओं का जो पैटर्न है, उस पैटर्न के आधार पर 10वीं-12वीं परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में मदद मिलती है। एनसीईआरटी द्वारा बनाई गई एक्सपर्ट कमेटी देशभर के सभी शिक्षा बोर्ड में एकरूपता लाने के लिए एक मानक संचालित प्रक्रिया तैयार करेगी। इसके अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि देश के सभी स्कूल बोर्ड नियमों का पालन करें।

### सभी राज्यों का पैटर्न अलग

मौजूदा समय में स्कूल एजूकेशन बोर्ड में कई तरह की असमानताएं हैं। इसमें पाठ्यक्रम डिजाइन, पाठ्यक्रम संचालन और पाठ्यक्रम मूल्यांकन जैसी असमानताएं प्रमुख हैं। इस संबंध में 2024 में एक रिपोर्ट भी जारी की गई थी, जो देशभर के 34 स्कूल एजुकेशन बोर्ड की स्टडी के बाद प्रकाशित की गई थी। इसमें विभिन्न राज्यों के शिक्षा बोर्ड में व्याप्त असमानताओं का जिक्र किया गया था। वर्तमान में देशभर के 66 स्कूल एजूकेशन बोर्ड को मान्यता प्राप्त है।

---

# जिले के प्रभारी सचिव तय, ऋचा रायपुर, पिंगुआ बिलासपुर, निहारिका को महासमुंद का जिम्मा

*हर माह करेंगे जिले का दौरा, सीएस को देंगे रिपोर्ट*

**रायपुर।** राज्य शासन ने प्रदेश के जिलों के नए प्रभारी सचिव नियुक्त किए हैं। इससे पहले जुलाई में प्रभारी सचिव नियुक्त किए थे, उस पुराने आदेश को निरस्त कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि प्रभारी सचिव प्रतिमाह कम से कम एक बार जिले का भ्रमण कर समीक्षा करेंगे तथा अपने भ्रमण के संबंध में एक संक्षिप्त टीप प्रतिमाह मुख्य सचिव को प्रस्तुत करेंगे।

**इन अधिकारियों को इन जिलों का प्रभार-** ऋचा शर्मा अपर मुख्य सचिव, रायपुर, मनोज कुमार पिंगुआ अपर मुख्य सचिव, बिलासपुर, निहारिका बारिक प्रमुख सचिव, महासमुंद, सोनमणि बोरा प्रमुख सचिव, दुर्ग, शहला निगार सचिव, बेमेतरा, डॉ. रोहित यादव सचिव, कोरबा, डॉ. कमलप्रीत सिंह, सचिव, सरगुजा, परदेशी सिद्धार्थ कोमल सचिव, बलौदाबाजार-भाटापारा, रीना बाबासाहेब कंगाले, सचिव, कांकेर, अविनाश चम्पावत , सचिव, राजनांदगांव, अमित कटारिया, सचिव, बस्तर, आर. शगीता गरियाबंद, सचिव, रायगढ़, रजत कुमार सचिव रायगढ़, राजेश सुकुमार टोप्पो कोरिया, एस प्रकाश सचिव,जांजगीर चांपा, श्री अंकित आनंद सचिव जशपुर, डा.सीआर प्रसन्ना सूरजपुर, भुवनेश यादव सचिव बालोद, एस. भारतीदासन सचिव, कबीरधाम, शम्मी आबिदी सचिव, धमतरी, हिमशिखर गुप्ता सचिव सारंगढ-बिलाईगढ़, मो. कैंसर अब्दुलहक सचिव गोरेला पेण्ड्रा-मरवाही, भीम सिंह सचिव कोंडागांव, शिखा राजपूत तिवारी आयुक्त, खैरागढ़-छुईखदान गंडई, श्याम लाल धावडे सचिव, सुकमा, डॉ. प्रियंका शुक्ला आयुक्त सह-संचालक दंतेवाड़ा, किरण कौशल प्रबंध संचालक सक्ती,अवनीश कुमार शरण आयुक्त बलरामपुर-रामानुजगंज, सारांश मित्तर आयुक्त बीजापुर, पदुम सिंह एल्मा संचालक, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, रमेश कुमार शर्मा विशेष सचिव मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, चंदन कुमार विशेष सचिव मुंगेली, जितेन्द्र कुमार शुक्ला मिशन संचालक नारायणपुर।

---

# 32 लाख से ज्यादा परिवार केवाईसी के बिना राशनकार्ड के लिए भटक रहे

**रायपुर।** सरकार नवंबर से 32 लाख उपभोक्ताओं को राशन नहीं देगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, यह सरकार का गलत कदम है, सरकार नहीं चाहती कि सभी को राशन देना पड़े, इसलिए केवायसी का बहाना किया जा रहा। सरकार बनने के बाद सभी राशन कार्ड नए सिरे से बनाए गए थे। उनमें मुख्यमंत्री ने अपनी फोटो छपवाई थी, जब दो-डेढ़ साल पहले राशन कार्ड बनाए गए, बनाते समय भी आधार कार्ड लिया गया था, फिर उनको अचानक क्यों रद्द किया जा रहा है। सरकार केवायसी अपडेट का बहाना बनाकर 32 लाख राशन कार्ड रद्द करने जा रही है। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में तो एपीएल और बीपीएल सभी का, चपरासी से लेकर कलेक्टर, आम जनता और मजदूर से लेकर मालगुजार तक सभी के राशन कार्ड बनाये थे। कांग्रेस की सरकार के दौरान पीडीएस की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पूरे देश में चर्चित थी। 81 लाख परिवार का राशन कार्ड बनाया गया। स्थानीय निकाय ग्राम पंचायत, नगर पंचायत और नगर निगमों में सामान्य सभा में सूची प्रकाशित करके दावा आपत्ति मंगाने के बाद अनुमोदन के आधार पर राशन कार्ड जारी किए गए।

---

**बिलासपुर- यलहंका, दुर्ग-सुल्तानपुर, दुर्ग-निजामुद्दीन, इतवारी-जयनगर, इतवारी-शालीमार ट्रेन**

# दीपावली पर यात्रा करने वालों को राहत दे रही विशेष ट्रेन, पांच क्षेत्रों के लिए की जा रही संचालित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली के दौरान अपने गांव और घर तक पहुंचने वाले यात्रियों को संचालित होने वाली विशेष ट्रेन बड़ी राहत दे रही है। रेल प्रशासन द्वारा फेस्टिवल स्पेशल के नाम से ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।

इनमें बिलासपुर- यलहंका, दुर्ग-सुल्तानपुर, दुर्ग-निजामुद्दीन, इतवारी-जयनगर, इतवारी-शालीमार ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। त्योहार के दौरान लंबी दूरी की ट्रेनों में कन्फर्म बर्थ मिलना काफी मुश्किल हो जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा विभिन्न शहरों के लिए विशेष ट्रेन का संचालन किया जाता है। अभी भी लंबी दूरी की पांच ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कन्फर्म सीट उपलब्ध कराई जा रही है। 22 फेरे की बिलासपुर-यलहंका-बिलासपुर ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह ट्रेन बिलासपुर से 18 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार तथा 19 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को संचालित हो रही है। इस ट्रेन का स्टापेज बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनादगांव, डोंगरगढ़ एवं गोंदिया स्टेशन में दिया गया है। दुर्ग-सुल्तानपुर-दुर्ग के मध्य 12 फेरे प्रत्येक शनिवार को दुर्ग और रविवार को सुल्तानपुर से संचालित हो रही है। इसका ठहराव दुर्ग, रायपुर, उस्लापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशन है। वहीं दुर्ग-निजामुद्दीन के बीच 8 फेरे की ट्रेन चल रही है। यह गाड़ी प्रत्येक रविवार दुर्ग तथा प्रत्येक सोमवार हजरत निजामुद्दीन से चल रही है। इतवारी- जयनगर के बीच 4 फेरे और इतवारी-शालीमार के बीच 2 फेरे की ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। इनका ठहराव गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनादगांव, दुर्ग, रायपुर,भाटापारा, बिलासपुर, चांपा एवं रायगढ़ स्टेशन में दिया गया है।



आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹90721/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹110800/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹120949/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, मंगलवार 14 अक्टूबर 2025

कलेक्टर-एसपी-डीएफओ कॉन्फ्रेंस में कार्यप्रणाली में सुधार लाने के दिए सख्त निर्देश

# अपराधियों में कानून का भय जरूरी, महासमुंद राजनांदगांव और धमतरी एसपी को हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, पुलिस की छवि ऐसी होनी चाहिए, जिससे अपराधियों में कानून का भय और आम नागरिकों में सुरक्षा का अहसास उत्पन्न हो। कलेक्टर-एसपी कॉन्फ्रेंस में प्रदेश की कानून-व्यवस्था की समग्र स्थिति, मादक पदार्थ नियंत्रण, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम और प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर उन्होंने मैराथन चर्चा की। प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति और बढ़ते अपराधों को लेकर उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री साय ने विशेष रूप से महासमुंद, धमतरी और राजनांदगांव जिलों के पुलिस अधीक्षकों पर नाराजगी जाहिर की है। इन जिलों में अपराध की बढ़ती घटनाओं और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने तीनों एसपी को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए।

खास खबर

मुख्यमंत्री ने कहा, जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक दोनों की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण है। जिन जिलों में दोनों के बीच समन्वय मजबूत है, वहां बेहतर परिणाम प्राप्त हुए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून-व्यवस्था के मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई को प्रशासनिक उदासीनता माना जाएगा और ऐसे मामलों में कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों पर अव्यवस्था फैलाने, चाकूबाजी और हत्या जैसे जघन्य अपराधों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए। गो-तस्करी और धर्मांतरण जैसे संवेदनशील मामलों पर सघन निगरानी रखी जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। जिन जिलों ▶▶ शेष पेज 6 पर



## कलेक्टर-डीएफओ कान्फ्रेंस

- औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए योजना बनाई जाए
- लघु वनोपजों को वनाचलों में आजीविका का महत्वपूर्ण साधन के रूप में विकसित किया जाए
- तेंदूपत्ता का भुगतान सात से 15 दिनों में किया जाना सुनिश्चित किया जाए
- बांस वन आधारित आजीविका को बढ़ावा दिया जाए
- कृषि, उद्यानिकी विभाग के मैदानी अमले की सहायता लें

### नशे के कारोबार और अवैध तस्करी पर सख्त हो कार्रवाई

मुख्यमंत्री श्री साय ने नशाखोरी और मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा अपराधों की जड़ है और इसे समाप्त करना ही कानून-व्यवस्था सुधार की पहली शर्त है। उन्होंने एनकॉर्ड के तहत राज्यव्यापी अभियान चलाने, सीमावर्ती जिलों में तस्करी पर रोक लगाने और एनडीपीएस एक्ट के तहत समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा, युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाए।

दिवाली से पहले बड़ी सौगात

# ईपीएफओ से अब 100 फीसदी तक की निकासी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को अपने सात करोड़ से अधिक सदस्यों को आंशिक निकासी के नियमों में बड़ी छूट देते हुए पात्र राशि के 100 प्रतिशत तक की निकासी की मंजूरी दे दी। सेवानिवृत्ति कोष निकाय के केंद्रीय न्यासी मंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने की। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि अब ईपीएफओ के अंशधारक सदस्य भविष्य निधि में ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सिर्फ 12 महीने की सेवा की जरूरत

अब सदस्य भविष्य निधि में कर्मचारी और नियोक्ता के हिस्से सहित पात्र शेष राशि का 100 प्रतिशत तक निकाल सकेंगे। निकासी की सीमा को उदार बनाया गया है। शिक्षा के लिए 10 बार तक और विवाह के लिए 5 बार तक निकासी की अनुमति दी गई है। न्यूनतम सेवा की आवश्यकता को भी घटाकर केवल 12 महीने कर दिया गया है।

CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES
Estd. 2001
An ISO 9001:2015 Certified Institute
25 Glorious Years of Academic Excellence
B++ NAAC | NBA ACCREDITED | AAA | INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL | aws | Virtual Labs | NPTEL
ADMISSION OPEN 2025-26
PCI APPROVED
HONOURED WITH SARDAR PATEL UNITY AWARD 2025 AND BEST PHARMACY COLLEGE OF CG
100% Placement Assurance
Scan QR Code for Online Registration
COURSES OFFERED
D. PHARMA (Intake 60) (2 Years)
Eligibility: 12th Science (PCB/PCM)
B. PHARMA (Intake 100) (4 Years)
Eligibility: 12th Science (PCB/PCM), PPHT
B. PHARMA (LATERAL ENTRY)
Eligibility: D.Pharma
M. PHARMA (2 Years)
CHEMISTRY (Intake-9) | COLOGY (Intake-9) | CEUTICS (Intake-15) | COGNOSY (Intake-10)
Eligibility: B.Pharma and GPAT
SALIENT FEATURES :
- Approved by PCI, New Delhi
- Affiliated to CSVTU, Bhilai
- Highly Qualified & Experienced Faculty
- State-of-the-Art Laboratories
- Advanced Instrumentation Room
- Active Alumni & Career Guidance Support
- A Resource Rich Library
- Labs and Animal House for Research
- 100% Placement Assistance
- Regular Industrial Visits & Hospital Trainings
- Separate Hostel Facilities for Boys and Girls
- Friendly staff that always ready to help students
- Focus on Industry-Oriented Practical Training
- Workshop, Seminar & Guest Lectures by Experts
- Personality Grooming Programs



OUR PHARMACY INSTITUTIONS
SCHOOL OF PHARMACY CHOUKSEY ENGINEERING COLLEGE | CHOUKSEY COLLEGE OF PHARMACY | INSTITUTE OF PHARMACEUTICAL STUDIES
NOTE:- CG DTE RAIPUR ONLINE COUNSELING FOR PHARMACY COURSES (SESSION 2025-26) WILL START FROM 13TH OCTOBER 2025.
FOR ADMISSION CONTACT: 8218238282 | 96850 45009
www.cecbilaspur.ac.in | Lal Khadan, Masturi Road, NH-49, Bilaspur

## आईआरसीटीसी मामला

# बिहार चुनाव से पहले बड़ा झटका, लालू राबड़ी और तेजस्वी पर आरोप तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आईआरसीटीसी घोटाला मामले में राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद, बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके बेटे व राज्य में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप तय किए। इसके साथ ही बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले उनके खिलाफ मुकदमे की तैयारी शुरू हो गई है। बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों में छह और 11 नवंबर को होंगे। लालू प्रसाद नीत राष्ट्रीय जनता दल राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों में से एक है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ 'प्रथम दृष्टया' मामला बनता है और भूमि हस्तांतरण के संबंध में गंभीर संदेह है।

### आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी

विशेष न्यायाधीश ने मामले में राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी के साझा आरोप तय किए, जो भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम के दो होटलों के संचालन के ठेके एक निजी फर्म को देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित है। अदालत ने लालू प्रसाद के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत भी आरोप तय किये। न्यायाधीश ने आदेश का मुख्य भाग पढ़ा और कहा कि भूखंड कम मूल्य पर दिए गए, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ। मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है।

**हाईकोर्ट में देंगे चुनौती:** नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा, जैसे ही हमें आदेश की प्रति प्राप्त होगी, हम आरोप तय करने से संबंधित आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे। इससे पहले गत 24 सितंबर को अदालत ने आरोप तय करने के अपने आदेश के लिए सभी आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया था।

KOTHARI
MISSION SUPER FINE VEST
PERFECT DRESSING KA SHUBH ARAMBH



KOTHARI®
29, Strand Road, Kolkata 700001, P 84208 26999

## पहली बार बांकी डेम से नीचे बस्ती में आए हाथी

# शहर के नजदीक खैरबार पहुंचा 25 हाथियों का दल, मचा हड़कंप



**अम्बिकापुर।** सोमवार की देर शाम 25 हाथियों का दल शहर की सीमा पर पहुंच गया। हाथी शहर से महज 3 किमी की दूरी पर मौजूद खैरबार में थे जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। हाथियों के मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश ▶▶ शेष पेज 6 पर

### लौट गए हैं हाथी

हाथी खैरबार तक आए थे लेकिन अब वे वापस लौट गए हैं। हाथी बधियाचुआ में हैं और विभाग उनकी निगरानी कर रहा है।
**-अभिषेक जोगावत,** डीएफओ सरगुजा

### तैनात किया है बल

हाथियों के शहर के नजदीक मिलने की जानकारी आई थी। हमने तत्काल डीएफओ को सूचित करने के साथ ही पुलिस बल को तैनात किया। स्थिति नियंत्रण में है।
**राजेश अग्रवाल,** एसएसपी सरगुजा

**उमड़ी भीड़, लगानी पड़ी पुलिस फोर्स-** हाथी के शहर के नजदीक पहुंचे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ हाथियों के दल को देखने के लिए उमड़ पड़ी। लोग ओपीएस स्कूल के पास एकत्रित हो गए थे। इस बात की जानकारी मिलने के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल ने तत्काल पुलिस फोर्स को मौके पर रवाना किया। पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए लोगों को पीछे हटाया और हाथियों से छेड़खानी नहीं करने की समझाइश दी। वहीं खैरबार के बाद हाथी बधियाचुआ पहाड़ पर चले गए थे लेकिन शहर के इतने नजदीक हाथी के आने से हड़कंप मचा रहा। फिलहाल वन विभाग हाथियों की निगरानी व उनके मूवमेंट ट्रैक कर रहा है।

MARUTI SUZUKI ARENA
BREZZA
MORE POWER TO YOUR PLAY
CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER WITH REDUCED GST^*
REDUCTION IN PRICE UP TO ₹1 12 700*
NOW STARTING AT ₹8 25 900*
SPECIAL FESTIVE OFFERS
UP TO ₹33 000* VALID UNTIL 23rd OCTOBER 2025



ARENA SAFETY SHIELD
6 Airbags | ESP® | ABS with EBD | Hill Hold Assist | Reverse Parking Sensors
3-Point ELR Seat Belts | Seat Belt Reminder | 3 years or 100 000 km Warranty^
UP TO 100% PROCESSING FEE WAIVER***
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.MARUTISUZUKI.COM
Contact us at 1800-102-1800
Also Available in S-CNG
Applicable T&C available at the dealership. Creative visualization. *Offer includes consumer offer, exchange bonus, and institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Features and accessories shown may vary as per variant. Images used are for illustration purposes only. Black Edition is available in select variants. ^3 years or 100 000 km, whichever is earlier. **Prices subject to applicable GST rates as notified by the Government. ***Offer valid for limited period by select financiers. Finance at the sole discretion of the financier and may vary based on customer profile. *Offers & price may be as per model/variant. Reduced starting price & EMI are applicable from 22nd September 2025 onwards.
BREZZA

चिंतन

# आम आदमी को महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत

जीएसटी और ब्याज दरों में कटौती होने के बाद ऐसी आशंकाएं जताई जा रही थी कि महंगाई के मोर्च पर झटका लग सकता है, लेकिन हुआ इसके बिलकुल उलट। खुदरा महंगाई दर आठ साल के निचले स्तर पर आ गई है। सितंबर में रिटेल महंगाई 1.54% पर रही है। इससे पहले जून 2017 में भी ये इतनी थी। इसकी वजह खाने-पीने की कुछ वस्तुओं की कीमतों में गिरावट है। वहीं, अगस्त में रिटेल महंगाई 2.07% रही थी। रिटेल महंगाई के आधिकारिक आंकड़े सरकार ने सोमवार को जारी किए हैं। रिजर्व बैंक का लक्ष्य महंगाई को 4% से दो ऊपर-नीचे की सीमा में रखने का है। सितंबर में खाने-पीने के सामानों की कीमत घटी यही कारण रहा कि महंगाई निचले स्तर पर पहुंच गई। महंगाई में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 0.64 से घटकर माइनस 2.28% हो गई है। सितंबर में ग्रामीण महंगाई दर 1.69 से घटकर 1.07 प्रतिशत हो गई। वहीं शहरी महंगाई 2.47 से घटकर 2.04 फीसदी पर आ गई। असल में महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है। सीधे शब्दों में कहें तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की शॉर्टेज महंगाई का कारण बनता है। वहीं, अगर डिमांड कम होगी और सप्लाई ज्यादा तो महंगाई कम होगी। लगातार घटती महंगाई आम लोगों के लिए राहत की बात है, जिसके मुख्य कारण अनुकूल आधार प्रभाव, सब्जियों, दालों, और अनाज जैसी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट हैं। इस स्थिति से आम नागरिक के जीवन स्तर में सुधार और उपभोक्ता मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, हालांकि भविष्य में महंगाई को नियंत्रित रखने के लिए निरंतर निगरानी की आवश्यकता होगी। महंगाई कम होने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और वे खरीदारी के लिए प्रोत्साहित होंगे, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। लोग जितना खरीदारी करेंगे अर्थव्यवस्था को उतना लाभ होगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। महंगाई कम होने से देश के लोगों के लिए अपने सपने पूरे करना आसान होगा, घरों से लेकर सपनों की चीजें खरीदने पर कम खर्च होगा और घूमना-फिरना सस्ता होगा। अगर नागरिकों के पास पैसा होगा वो ज्यादा खर्च कर सकेंगे। सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि लोगों की जेब में खरीदारी के लिए धन छोड़ा जाए। जीएसटी और ब्याज दरों में कटौती के पीछे सबसे पहली सोच यही है और इसके सार्थक परिणाम भी आने लगे हैं। खुदरा महंगाई में नरमी को देखते हुए, रिजर्व बैंक अगली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर में और कटौती कर सकता है। हालांकि यह महंगाई की आगे की दिशा पर निर्भर करेगा। क्योंकि अधिक बरसात होने के कारण अनेक उत्तरी राज्यों में फसलों को ज्यादा नुकसान हुआ है। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि महंगाई के आंकड़े केवल आंकड़ों तक सीमित न रहें, बल्कि लोगों को बाजारों में वास्तविक राहत मिले। ऐसा न हो कि आंकड़ों में तो लगातार महंगाई कम होती रही और आम आदमी को इसका असली लाभ ही न मिल पाए।



तकनीक
प्रमोद भार्गव

# पहली एआई मंत्री डिएला की नियुक्ति

एआई मंत्री डिएला को अल्बानिया की नेशनल एजेंसी फॉर इंफॉर्मेशन सोसायटी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया है। डिएला को मंत्री पद की जिम्मेदारी संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रणाली से चौथी बार प्रधानमंत्री बने एडी रामा ने सौंपी है। इसी साल मई 2025 में चुनाव जीतने के बाद 11 सितंबर को उन्होंने अपनी नई सरकार का गठन किया है। डिएला ने संपूर्ण स्त्री भाव से संसद में राजनीतिक चतुराई से भरा उल्लेखनीय वक्तव्य भी दिया। उन्होंने कहा, 'विपक्ष मेरी नियुक्ति को बार-बार असंवैधानिक बता रहा है। विपक्ष के इस व्यवहार से मेरी भावना आहत हुई है।'

विडंबना देखिए, मनुष्य द्वारा निर्मित वाहनों ने मनुष्य के पैरों से चलने की ताकत छीन ली। मशीनी तकनीक मनुष्य के हाथों के हुनर छीनती जा रही है और अब हैरान करने वाली वास्तविकता यहां तक पहुंच गई है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अर्थात कृत्रिम बुद्धि से निर्मित डिएला नामक रोबोट स्त्री को मानव के विरुद्ध एक प्रति मानव के रूप में अस्तित्व में लाया गया रोबोट का यह दखल राजनीति से नेता के विस्थापन के रूप में देखने में आया है। सत्ता पक्ष डिएला की नियुक्ति से भ्रष्टाचार मुक्त शासन की कल्पना कर रहा है, जबकि विपक्ष इस रोबोट-स्त्री की तैनाती को असंवैधानिक करार दे रहा है।

एआई मंत्री डिएला को अल्बानिया की नेशनल एजेंसी फॉर इंफॉर्मेशन सोसायटी ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से विकसित किया है। डिएला को मंत्री पद की जिम्मेदारी संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रणाली से चौथी बार प्रधानमंत्री बने एडी रामा ने सौंपी है। इसी साल मई 2025 में चुनाव जीतने के बाद 11 सितंबर को उन्होंने अपनी नई सरकार का गठन किया। डिएला ने संपूर्ण स्त्री भाव से संसद में राजनीतिक चतुराई से भरा उल्लेखनीय वक्तव्य भी दिया। उन्होंने कहा, 'विपक्ष मेरी नियुक्ति को बार-बार असंवैधानिक बता रहा है। विपक्ष के इस व्यवहार से मेरी भावना आहत हुई हैं। मैं शासन-प्रशासन को पारदर्शी बनाने और जनता की मदद के लिए हूं। विपक्ष आशंकित न हो, मेरा लक्ष्य जैविक मनुष्य को प्रतिस्थापित (रिप्लेस) करने का नहीं है। मैं किसी की जगह लेने के लिए नहीं आई हूं।' डिएला ने जो कहा वह अजैविक मानव के लिए ठीक हो सकता है, लेकिन सच्चाई तो यही है कि मनुष्य के विरुद्ध एक प्रति मनुष्य के रूप में अपनी जगह बनाता रोबोट जैविक मनुष्य को सीमेंट, कंक्रीट और यंत्रों के जंगल में धकेलता जा रहा है। प्रति मानव रोबोट में बुद्धि डालकर उसे हम मनुष्य का शासक बनाने में लगे हैं। अभी तक रोबोट को नए-नए रूपों में विकसित करने का काम वैज्ञानिक रूपी मनुष्य करता था, लेकिन प्रौद्योगिकी के आकाश में कृत्रिम बुद्धि ने ऐसे पंख दे दिए कि रोबोट अब एआई की मदद से स्वयं अद्यतन (अपडेट) होने लगे हैं और जो जीवित रोबोट अस्तित्व में आए हैं, वे स्वयं रोबोट पैदा करने लगे हैं। रोबोट के स्वमेव परिवर्तन और नए रोबोट पैदा करने की इस ताकत के परिणाम फलदायी होंगे या घातक यह अभी भविष्य के गर्भ में जरूर है, किंतु चिंतनीय बिंदू अवश्य है।

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने जीवित रोबोट 'जेनोबोट्स' अवतरित कर दिया है। इसके आविश्कारक वैज्ञानिकों का दावा है कि यह रोबोट अपने जैसे रोबोट संतान के रूप में पैदा कर सकता है। यह करिश्मा वर्मोंट, हावर्ड और टफ्ट्स विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिकों ने कर दिखाया है। यह रोबोट अफ्रीका में पाए जाने वाले जेनोपस लेविस प्रजाति के मेढ़क के भ्रूण की स्तंभ कोशिकाओं से बनाया गया है। वैज्ञानिकों ने मेंढ़क के भ्रूण की (एंब्रियो) की जीवित कोशिकाओं को अन्य नए जीवन रूपों के तौर पर प्रयोग करने में सफलता पाई है। इसे जीवित क्रिया-कलाप करने लायक जीव के तौर पर देखा जा रहा है। एक मिमि से भी कम चौड़े इन रोबोट्स को पहली बार 2020 में दुनिया के सामने सार्वजनिक किया गया था। ये जीते-जागते रोबोट्स हैं। भ्रूण से विकसित इन रोबोट के दिल को मोटर की तरह उपयोग में लाया जाता है।



मसलन ये जेनोबोट्स मुंह के अंदर एकल कोशिकाओं को एकत्रित करते हैं और रोबोट के रूप में बच्चों को अवतरित (पैदा) करते जाते हैं। जो हूबहू माता-पिता के प्रतिकृति होते हैं। कोई गड़बड़ी होने पर खुद को ठीक भी कर सकते हैं।

वैज्ञानिकों का दावा है कि जेनोबोट्स में जानवर या पौधों से अलग जैविक प्रजनन का एकदम नया मौलिक रूप खोजा है। ये रूप विज्ञान के लिए ज्ञात किसी भी रूप नख से शिख तक भिन्न हैं। लोग अभी तक यह जानते हैं कि रोबोट धातु, चीनी मिट्टी या प्लास्टिक से बने होते हैं। जबकि जेनेबोट्स मेंढ़क के जीवित भ्रूण की स्तंभ कोशिकाओं को कतरन (स्क्रैप) करके सेने (इनक्यूबेट) के लिए छोड़ दिया। इन्हें साइबॉर्ग रोबोट की श्रेणी में रखा जा सकता है। इस सिलसिले में सूक्ष्म शल्य क्रिया विषेशज्ञ का कहना है कि 'स्तंभ कोशिकाओं की कतरन को चिमटी और लघु इलेक्ट्रोड से सूक्ष्मदर्शी यंत्र के माध्यम से एक आकार में ढाला गया, फिर इन्हें शरीर का रूप दिया गया। तत्पश्चात ये कोशिकाएं पुनः सक्रिय हो गईं। इस तरह तैयार जेनोबोट्स को जब टुकड़ों में विभाजित किया गया तो वह स्वयं को जोड़कर क्रियाशील हो गया।' इसी कारण ये रोबोट के साथ जीव भी हैं। ये रोबोट समुद्र, नदी और तालाब की गहराइयों से माइक्रोप्लास्टिक कचरा खींच लाने में सक्षम हैं। लिहाजा इस जीवित मशीन को स्वच्छता के अभियान में भी लगाया जा सकता है। मानव की धमनियों की बाधा को दूर करने में भी इनका इस्तेमाल हो सकता है। ऐसी ही रोबोट तकनीक का कमाल है डिएला।

28 लाख की आबादी वाले देश अल्बानिया की अल्बानियाई भाषा में 'डिएला' का अर्थ 'सूरज' होता है। डिएला को अल्बानिया की पारंपरिक वेशभूषा में सौम्य, सुंदर और सुशील स्त्री को रोबोट के रूप में विकसित किया है। डिएला की वाणी और मुखाकृति अल्बानियाई अभिनेत्री अनिला बिशा का मॉडल है। प्रधानमंत्री ने इन्हें सार्वजनिक खरीद मंत्रालय का मंत्री बनाने की घोषणा विधिपूर्वक राजधानी तिराना की संसद में की थी। अल्बानिया यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया में है। इस प्रक्रिया को पूरी होने में भ्रष्टाचार बड़ी बाधा बन रहा है। इसीलिए डिएला को सरकारी खरीद निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और कदाचरण खत्म करने की दृष्टी से नियुक्त किया है। यानी डिएला का मनोनयन रामा सरकार की रणनीति की एक कूटनीतिक चाल है। पीएम रामा इसी लक्ष्यपूर्ति के बहाने राष्ट्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाए जाने के प्रति, प्रतिबद्धता जता रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में सरकार में शामिल अन्य मंत्रियों, सरकारी अधिकारियों ने कहना शुरू कर दिया है कि सार्वजनिक व्यय में भ्रष्टाचार से लड़ने में मदद मिलेगी। इसके विपरीत विपक्षी सांसद दावा कर रहे हैं कि यह तथाकथित एआई से संचालित स्त्री रोबोट भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का काम करेगा। क्योंकि हम जानते हैं कि अंततः रोबोट एक मशीन है, जिसके डाटा व सर्किट में परिवर्तन किए जा सकते हैं।

अल्बानिया के संविधान में जनता द्वारा निर्वाचित सांसद को ही मंत्री बनने का अधिकार है न कि किसी स्त्री रोबोट के आभासी अवतार को ? यह तरीका इंसान को जीवंत राजनीति से विस्थापन का कुटिल तकनीकी उपाय भर है, जो किसी भी देश और मानव जाति के लिए घातक है। कोई प्रतीक मनुष्य का स्थान नहीं ले सकता है। डिएला की तैनाती में जो सबसे प्रमुख कमी है, वह है कि इसकी गलतियों के लिए जिम्मेदार किसे ठहराया जाए? अतएव एआई कुशल और समावेशी शासन व्यवस्था के लिए एक शक्तिशाली मशीनी यंत्र अवश्य है, तथापि इसके उत्तरदायित्व और लोक विश्वास सुनिश्चित होने जरूरी हैं, जिससे इसके नैतिक और लोकतांत्रिक मानदंड निर्धारित हों।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विदेश
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# धौंस-धमकाने की नीति ट्रंप के लिए होगी आत्मघाती

धमकाने और धौंस की नीति पर चल रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी झूठी चौधराहट और खनिजों के चक्कर में लगता है दुनिया के देशों में अमेरिकी विरोधियों की बड़ी फौज ही तैयार करते जा रहे हैं। शांति के नोबल पुरस्कार का ट्रंप का सपना धरा का धरा ही रह गया है और अब 30% टैरिफ के अतिरिक्त 100% और यानी कि 130 प्रतिशत टैरिफ लगाकर चीन के खिलाफ भी आर्थिक क्षेत्र में खुली जंग छेड़ दी। कनाडा को अमेरिका का नया राज्य बनाने और रूस-यूक्रेन युद्ध के पीछे के अमेरिकी एजेंडे को आज दुनिया के देश समझ ही चुके हैं। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष के साथ डिनर के माध्यम से अमेरिका के गिरते स्तर को दुनिया के देश देख ही चुके हैं। भारत जैसे देश से पंगा लेना सबके सामने हैं। पाकिस्तान पर भी खनिजों के चक्कर में डोरे ड़ाले जा रहे हैं। देखा जाए तो ट्रंप का रवैया जिस तरह का दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद देखने को मिल रहा है वह गली मौहल्ले के गुंडे मवाली जैसा है। दुनिया के देशों को धमकाना जैसे ट्रंप का काम ही हो गया हो। दुनिया के देशों में युद्ध समाप्त कराने का झूठा तमगा पहनने के प्रयास और शांति के नोबल पुरस्कार के लिए नोबल संस्था तक को धमकाने के कुत्सित प्रयास से ट्रंप स्वयं और अमेरिका दोनों की ही हेठी कराने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे हैं। हालांकि भारत किसी भी तरह के ट्रंप के दबाव में नहीं आया और सबसे बड़ी तोहीन तो यह रही कि भारत ने इस पर प्रतिक्रिया तक व्यक्त करने की जहमत नहीं उठाई, जिसके कारण अमेरिका का तमतमाना लाजिमी है। अमेरिका ने भारत पर 100% टैरिफ लगाने के बाद सोचा था कि भारत घुटनों के बल आ जाएगा पर हुआ इसका उल्टा ही और भारत ने नए बाजार की संभावनाएं तलाशना आंरभ कर दिया। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि अब चीन पर अमेरिकी टैरिफ वार का भारत पर सकारात्मक प्रभाव होगा। भारत की निर्यात की संभावनाओं को पर लगने के अधिक आसार हो जाएंगे। स्वाभाविक है चीन के उत्पाद महंगे हो जाएंगे और भारतीय उत्पाद कपड़ा, हैण्डिक्राफ्ट, खिलौने आदि आदि तुलनात्मक रूप से सस्ते होंगे तो भारतीय उत्पादों की मांग कम होने के स्थान पर बढ़ेगी ही। वहीं अमेरिकी टैरिफ वार अमेरिका पर ही उल्टा पड़ना है। आज अमेरिका भारतीय प्रतिभाओं का लाभ उठा रहा है पर नए वीजा नियमों और विदेशियों को पलायन करने के बाध्यकारी आदेशों से अमेरिका आने वाले समय में शून्यता की और बढ़ेगा। इधर, ट्रप के व्यवहार के चलते श्वेत-अश्वेत की खाई और चौड़ी होती जा रही है। 20वीं सदी के अंत में दुनिया के देशों में विश्वग्राम का सपना देखा था, इस दिशा में दुनिया के देश आगे भी बढ़े थे और फिर संचार क्रान्ति ने तो दुनिया के देशों को लगभग विश्वग्राम बना ही दिया पर जिस तरह के हालात ट्रंप जैसे अति महत्वाकांक्षी द्वारा उठाए जा रहे हैं, उससे विश्वग्राम का सपना बीच राह में ही टूटता नजर आने लगा है। एक दूसरे के सहयोग और समन्वय की बात तो ट्रंप ने भुला ही दी है। फिर सबको एक ही लकड़ी से हांकने की नीति भी आत्मघाती बनती जा रही है। अमेरिका को समझना होगा कि आज आप किसी पर टैरिफ का दबाव बढ़ाते हो तो अन्य देशों के लिए राह आसान कर रहे हो। हो यह राह है कि टैरिफ की मार का सबसे नकारात्मक प्रभाव अमेरिका पर ही पड़ना है। आज दूसरे देशों के प्रति निर्भरता बढ़ी है और ऐसे में आगे बढ़ने के लिए दो मोर्चों पर जुटना पड़ता है। पहले तो यह कि दूसरे देशों में आ रहे बदलावों, तकनीक को समझना और फिर उस तकनीक को अपनी जरूरत के अनुसार अपने देश में विकसित करना। अमेरिका दरअसल, दूसरों की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करना चाहता है पर वह यह भूल रहा है कि इकोनोमी एक दूसरे की सहायता से आगे बढ़ती है। देसी-विदेशी मांग को बढ़ाना ही होता है। स्थानीय के साथ ही विदेशों में भी बाजार खोजना होता है। ऐसे में बड़े-बड़े व्यापार समझौते देशों के बीच होते हैं। अमेरिका ने जिस तरह से व्यापार समझौतों को दरकिनार कर टैरिफ वार और तरह तरह के अवरोध खड़े करने के प्रयास किए हैं उनका असर अंततोगत्वा अमेरिकी इकोनोमी पर भी पड़ना ही है। लगता है ट्रंप अमेरिका को आत्मघाती गोल की तरफ ले जा रहा है। दुनिया के देशों को वैश्विक ग्राम की परिकल्पना को ही आगे बढ़ाना होगा। आज दुनिया और दुनिया के देश कहां खड़े हैं यह कोरोना काल में सबको पता चल चुका है। ऐसे में समय रहते नीतियों मे बदलाव जरूरी हो जाता है। जिस तरह से तकनीक ने एक दूसरे को नजदीक लाने का प्रयास किया है उसे आगे बढ़ाना वैश्विक नेताओं का दायित्व हो जाता है। आज एकला चालो रे की नीति से आगे बढ़ने और कुछ पाने की कल्पना करना बेमानी होगा, यह देर सबेर समझना ही होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रेम क्या है?



संकलित
दर्शन

प्रेम कोई क्रिया नहीं है। 'मैं' भी प्रेम है और 'तुम' भी प्रेम हो। प्रेम वह तत्त्व है जिससे हम सब बने हैं। यह एक अवस्था है, कोई कार्य नहीं। जब हम वर्तमान में होते हैं, तब हमारा मन स्वच्छ होता है-न क्रोध, न चिंता, बस प्रेम होता है। छोटे बच्चों को देखो-उनके चेहरे पर कितना निर्मल प्रेम होता है! बच्चे आकर्षक क्यों होते हैं? क्योंकि वे अपने भीतर के प्रेम को बिना किसी अवरोध के बाहर लाने देते हैं। यही कारण है कि यीशु ने कहा था - "जब तक तुम बच्चों जैसे नहीं बनते, तब तक स्वर्ग के द्वार तुम्हारे लिए नहीं खुलते।" बच्चे एक पल रोते हैं, और अगले ही पल हँस पड़ते हैं - यह है वर्तमान में जीने की कला। हम सबमें यह क्षमता है लेकिन जैसे-जैसे हम 'बुद्धिमान' होते जाते हैं, हम अपनी मासूमियत खो देते हैं। आत्मज्ञान का अर्थ है-मासूमियत को बनाए रखते हुए ज्ञान में बढ़ना। एक अज्ञानी व्यक्ति मासूम हो सकता है, लेकिन उसकी मासूमियत का कोई मूल्य नहीं होता। एक चतुर व्यक्ति चालाक हो सकता है, पर उसकी बुद्धिमत्ता में करुणा न हो तो वह भी व्यर्थ है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था है-जब व्यक्ति बुद्धिमान हो, लेकिन फिर भी भीतर से मासूम बना रहे। यह जीवन में बहुमूल्य है। जीवन की सबसे सुंदर अवस्था यह है कि हम बुद्धिमान बनें, पर भीतर से बच्चे जैसे सरल और निष्कलुष बने रहें। आज की भागदौड़ भरी जीवन में हम सब सफल, समझदार, प्रभावशाली बनना चाहते हैं लेकिन इस दौड़ में कहीं हमारी सरलता, सहजता और वह निर्मल मुस्कान पीछे छूट गई है।

## सुख-दुख आते-जाते रहेंगे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध खत्म हो गया था। कौरव सेना खत्म हो गई थी और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। जब पांडवों के जीवन में सब ठीक हो गया, तब श्रीकृष्ण ने सोचा कि अब मुझे द्वारिका जाना चाहिए। श्रीकृष्ण ने अपनी इच्छा पांडवों को बताई, सभी भगवान को रोकना चाहते थे, लेकिन वे नहीं रुके। श्रीकृष्ण रथ पर बैठ आगे बढ़े तो सामने कुंती खड़ी थीं। रिश्ते में कुंती श्रीकृष्ण की बुआ थीं। अपनी बुआ को देखकर श्रीकृष्ण रथ से उतरे तो कुंती ने उन्हें प्रणाम किया। ये देखकर श्रीकृष्ण बोले कि आप मेरी बुआ हैं, मेरी माता की तरह हैं। मैं आपको प्रणाम करता हूं, लेकिन आज आप मुझे क्यों प्रणाम कर रही हैं? कुंती ने कहा कि कृष्ण, तुम मेरे भतीजे हो, लेकिन मैं ये भी जानती हूं कि तुम भगवान भी हो। मुझे अपना भक्त बनने दो। श्रीकृष्ण ने कहा कि ठीक है। सभी लोग भगवान से कुछ न कुछ मांगते ही हैं, आप भी कुछ मुझसे जो चाहें, वह वरदान मांग सकती हैं। कुंती ने कहा कि मुझे वरदान में दुख दे दो। वरदान में दुख की बात सुनकर श्रीकृष्ण बोले कि आप दुख क्यों चाहती हैं? आपका तो पूरा जीवन ही दुखों में बीता है। कुंती ने कहा कि दुख में तुम बहुत याद आते हो, जीवन में दुख रहेगा तो मैं तुम्हारी भक्ति करती रहूंगी। सुख के दिनों में तो मन भक्ति में लगता नहीं है। मैं हर पल तुम्हारा ही ध्यान करना चाहती हूं, इसलिए दुख मांग रही हूं। श्रीकृष्ण बोले कि ठीक है, जैसी आपकी इच्छा।

## अंतर्मन




### आज की पाती


#### मिलावटी चीजों से सावधान रहें

आज बहुत से ऐसे लोग भी हैं जो अपने थोड़े से फायदे के लिए खाने-पीने की चीजों में मिलावट करके दूसरों की जान को भी जोखिम में डाल देते हैं। लेकिन चंद सिक्कों की खातिर दूसरों की जान जोखिम में डालना मानवता के खिलाफ है। खाने-पीने की मिलावटी चीजें तो जहर समान होती है। स्वस्थ भारत के लिए खानपान की चीजों में मिलावट रोकना भी बहुत जरूरी है। खाद्य पदार्थों में मिलावट नहीं रुक रही, क्योंकि एक तो आमजन सरकार द्वारा बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण के कानून के प्रति जागरूक नहीं है, दूसरा सरकार और प्रशासन मिलावट रोकने के लिए गंभीरता नहीं दिखाते। तीसरा कारण सरकारी तंत्र में फैला भ्रष्टाचार है। इसके कारण खाद्य पदार्थों की जांच समय-समय पर नहीं होती।

*- रमेश शर्मा, कांकेर*

### ट्रेंड

#### टमाटर की खेती



मैं टमाटर के खेत पर खड़ा हूं। हमने बड़ी मेहनत से टमाटर की खेती करने का प्रयास किया है। फसल बहुत अच्छी है, उसे देखकर प्रसन्नता हो रही है। इल्लियों का थोड़ा प्रकोप जरूर हुआ था, लेकिन उसे भी कंट्रोल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।
**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

#### पेड़ काटने पर दुःख



यह वाकई दिल दहला देने वाला दृश्य है। एक महिला वृक्ष को काटे जाने के बाद उसे नमन कर रही है। ये पेड़ 20 साल से भी ज्यादा बड़ा था और बाद में उसे काट दिया गया। मुझे बताया गया है कि यह छत्तीसगढ़ राज्य में हुआ था।
**- किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री**

#### प्रतिबद्धता का संकल्प



डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन। नाइंसाफ़ी और ग़ैर-बराबरी के ख़िलाफ़ लोहिया की 'सप्त क्रांति' के सिद्धान्त को ज़मीन पर उतारने के लिए हम आज प्रतिबद्धता का संकल्प लेते हैं।
**- अखिलेश यादव, सपा नेता**

#### परिवार के तीन



एक परिवार.. एक ही परिवार के तीन सदस्य.. तीनों का एक ही व्यवसाय और एक ही दिन में तीन पुरस्कार। जया को सम्मानित करते हुए फिल्मफेयर के 70 साल। अभिषेक के लिए 2025 का सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और 70 साल के जश्न के लिए वास्तव में आपका धन्यवाद।
**- अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# पाक-अफगान आपसी मुद्दों को संवाद से सुलझाएं



चीन ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर हुई झड़पों में दर्जनों सैनिकों की मौत के बाद सोमवार को दोनों देशों से संयम बरतने और आपसी मुद्दों को संवाद व परामर्श के जरिए सुलझाने की अपील की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सप्ताहांत में दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष पर टिप्पणी करते हुए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाल में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच संघर्ष के कारण दोनों के रिश्ते तनावपूर्ण होने पर चीन गहरी चिंता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा, "चीन गंभीरता से उम्मीद करता है कि दोनों पक्ष व्यापक दृष्टिकोण अपनाएं, शांति और संयम बरतें, आपसी मुद्दों को संवाद व परामर्श के जरिए सुलझाएं, संघर्ष को बढ़ने से रोकें और क्षेत्र में शांति व स्थिरता बनाए रखें।" पाकिस्तान सेना ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर रातभर चली झड़पों में उसके कम से कम 23 सैनिक शहीद हो गए जबकि तालिबान से जुड़े 200 से अधिक आतंकवादी मारे गए। दूसरी ओर तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने कहा कि 58 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और करीब 30 घायल हुए। चीन के पाकिस्तान और अफगानिस्तान दोनों से घनिष्ठ संबंध हैं।

## ऑफ बीट

# आपका शरीर हो सकता है चलता-फिरता जिम



आपको शारीरिक रूप से मजबूत बनने के लिए जिम की सदस्यता, डम्बल या महंगे उपकरणों की आवश्यकता नहीं है। शुरुआत से ही, हमारे पास शारीरिक मजबूती के प्रशिक्षण के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध रहा है - हमारा अपना शरीर। बाहरी बलों और उपकरणों के इस्तेमाल के बिना शारीरिक मजबूती के प्रशिक्षण को 'बॉडीवेट प्रशिक्षण' कहा जाता है। पुश-अप्स और स्क्वैट्स से लेकर प्लैंक्स और चिन-अप्स तक, बॉडीवेट प्रशिक्षण व्यायाम करने के सबसे लोकप्रिय तरीकों में से एक बन गया है, क्योंकि इसे कहीं भी किया जा सकता है और यह मुफ्त भी है। तो, यह क्या है, यह क्यों काम करता है, और आप इसे कैसे शुरू कर सकते हैं? बॉडीवेट प्रशिक्षण क्या है? बॉडीवेट प्रशिक्षण का सीधा सा मतलब है कि आप बारबेल और डम्बल जैसे बाहरी वजन के बजाय अपने शरीर के वजन को प्रतिरोध के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसमें व्यायाम के आम तरीकों में पुश-अप्स, स्क्वैट्स, लंजेस और सिट-अप्स शामिल हैं। लेकिन बॉडीवेट प्रशिक्षण में स्थिर पकड़ का भी उपयोग किया जा सकता है जो आपके शरीर को बिना हिलाए चुनौती देता है, जैसे कि प्लैंक या योग आसन। बॉडीवेट प्रशिक्षण का इस्तेमाल किसी भी मांसपेशी समूह के लिए किया जा सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# बिलासपुर
**मंगलवार 14 अक्टूबर 2025**
कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी
वर्ष : 25, अंक : 202
पृष्ठ : 12+8+8 = 28 मूल्य : 5.00***


**मौसम**
अधि. 32.2
न्यून. 23.0


# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7
रणजी ट्रॉफी के लिए बिहार के उप कप्तान ...





विचार पेज
पहली एआई मंत्री डिएला की नियुक्ति


# किसानों को 9 तारीख से ऑनलाइन टोकन, उससे पहले पांच दिन सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के पहले 9 नवंबर से किसानों को धान बेचने के लिए ऑनलाइन माध्यम से टोकन मिलने शुरू हो जाएंगे। इससे पहले खाद्य विभाग खरीदी के लिए बने सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन करने वाला है।

### सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन

ऑनलाइन सिस्टम से धान खरीदी के लिए सरकार जो व्यवस्था बना रही है, उसका अहम हिस्सा है खरीदी का सॉफ्टवेयर। बताया गया है कि खाद्य विभाग 4 नंवबर से 8 तक सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन करने वाला है। यह इसलिए कि किसान जब धान बेचने आए तो उन्हें किसी तकनीकी गड़बड़ी का शिकार न होना पड़े। ट्रायल रन पूरा होने के बाद अगले ही दिन यानि 9 नवंबर से किसानों को ▶▶| शेष पेज 6 पर



पांच श्रेणी के किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन से मिलेगी छूट

### एग्रीस्टेक से छूट, कैबिनेट का फैसला

उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो राज्य सरकार के कैबिनेट की पिछले दिनों हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि कुछ खास श्रेणी के किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन और फार्मर आईडी से छूट रहेगी। इनमें वनाधिकार पट्टाधारी किसान, डुबान क्षेत्र के किसान, शासकीय पट्टेदार, पब्लिक ट्रस्ट (संस्थागत पंजीयन अंर्तगत पंजीकृत लोक न्यास) और रेगहा-अधिया वाले किसान शामिल होंगे। बताया गया है कि यह व्यवस्था इसलिए की जा रही है, क्योंकि इन श्रेणी के किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं हो पाता है।

राज्य में धान खरीदी के लिए सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। 15 नवंबर से धान खरीदी शुरु होने से पहले कई आवश्यक कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सरकार ने इस साल पहली बार किसानों को धान बेचने के लिए ऑनलाइन टोकन देने की व्यवस्था की है। इस व्यवस्था के संबंध में कहा जा रहा है कि अब किसानों को अपना धान बेचने के लिए सोसाइटियों में लंबी-लंबी लाइन लगाने की जरूरत नहीं होगी। खरीदी की पूरी प्रक्रिया बायोमैट्रिक सिस्टम से होगी।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366





## ट्रंप की मौजूदगी में युद्ध विराम पर समझौता, पीएम मोदी ने ट्रंप की सराहना की

# गाजा में शांति का आगाज, इजरायली बंधकों की रिहाई, ट्रंप बोले- युद्ध के साथ आतंक का अंत



*गाजा में शांति का आगाज हो गया। हमास ने सोमवार को सभी 20 जीवित बंधकों को रिहा कर दिया। समझौते के तहत इस समझौते के तहत, इजराइल ने 1,900 से ज़्यादा फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। ट्रंप ने गाजा में दो साल से चल रहे विनाशकारी युद्ध को खत्म करने के लिए युद्ध विराम समझौता कराने में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के 'शानदार काम' की सराहना की। ट्रंप इजरायल की संसद में पहुंचे, जहां पर नेतन्याहू ने उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक अवार्ड से सम्मानित किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दीर अल बला

बंधकों की यह रिहाई ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजराइल और हमास के बीच अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्धविराम एवं बंधक समझौते का जश्न मनाने के लिए इज़राइल में हैं। उन्होंने घोषणा की कि इस समझौते ने युद्ध को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया है। पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। ट्रंप ने इजराइली संसद को संबोधित किया। इजराइली सांसदों से ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पीएम मोदी ने कहा- ट्रंप नेतन्याहू के दृढ़ संकल्प



इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की तारीफ की। उन्होंने कहा, हम दो साल से ज़्यादा समय तक बंधक बनाए रखने के बाद सभी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं।



**फलस्तीनी कैदी पश्चिमी तट और गाज़ा पट्टी पहुंचे:** हमास द्वारा युद्धविराम समझौते के तहत गाजा में बंद सभी जीवित बंधकों को रिहा करने के बाद, इजराइल सोमवार को 1,900 से ज़्यादा कैदियों और बंदियों को रिहा किया।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा-उन्हें बहुत राहत मिली


संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा कि उन्हें इस बात से 'बेहद राहत' मिली है कि गाजा में इजराइली बंधकों को आजादी मिल गई है। वे 'बेहद कष्ट' सहने के बाद अपने परिवारों से फिर मिल पायेंगे।

### ट्रंप की 20 सूत्रीय गाजा शांति योजना जिसे हमास अस्वीकार किया

1. गाजा को पूरी तरह आतंकवाद-मुक्त और उग्रवाद-रहित क्षेत्र बनाया जाएगा
2. गाजा का पुनर्विकास उसके स्थानीय नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर किया जाएगा
3. अगर दोनों पक्ष सहमत हों तो युद्ध समाप्त किया जाएगा, और इजराइल अपने सैन्य अभियान रोककर पीछे हटेगा
4. सभी बंधकों (जिंदा या मृत) को 72 घंटे के भीतर वापस किया जाएगा
5. इजरायल गाजा के 250 उम्रकैद प्राप्त कैदियों और 1,700 बंदियों को रिहा करेगा
6. हमास के सदस्य, जो हिंसा छोड़ने की घोषणा करेंगे, उन्हें माफी या सुरक्षित निकास ▶▶| शेष पेज 6पर

## सोना 1950 रुपए महंगा, चांदी ने लगाई 7500 रुपए की छलांग

# चांदी ने बनाया रिकॉर्ड नए शिखर पर सोना



**नई दिल्ली।** अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 1,950 रुपए बढ़कर 1,27,950 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं। हाजिर बाजारों में चांदी की कीमतों में भी ज़बर्दस्त तेजी देखी गई। सोमवार को यह 7,500 रुपए की छलांग के साथ 1,79,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### चीन-अमेरिका के टकराव का असर

एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषण के उपाध्यक्ष जतिन त्रिवेदी ने कहा, अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के कारण सुरक्षित निवेश की मांग में फिर से तेजी आने से सोने की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिकी प्रशासन द्वारा चुनिंदा चीनी उत्पादों पर 100 प्रतिशत शुल्क वृद्धि की घोषणा और चीन द्वारा दुर्लभ मृदा खनिजों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की धमकी ने वैश्विक अनिश्चितता और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है।





# इजरायली संसद में ट्रंप का विरोध, हंगामे के दौरान रोकना पड़ा भाषण


## फिलिस्तीन नरसंहार का बोर्ड लेकर पहुंचे सांसद, धक्का देकर निकाला बाहर

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों से इजरायल में हर कोई खुश नहीं है। सोमवार को इजरायल की संसद में ही जब ट्रंप ने अपना भाषण शुरू किया, तो नेसेट के दो सदस्यों ने उनका जमकर विरोध किया, उन्होंने ट्रंप के विरोध में एक तख्ती भी दिखाई। इस व्यवधान के कारण ट्रंप को अपना संबोधन थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा। फिलिस्तीन नरसंहार का बोर्ड लेकर पहुंचे इन सांसदों को धक्का देकर बाहर निकाला गया। इस पूरे कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट में हंगामा होता दिखा।*

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव

द टाइम्स ऑफ इजरायल ने बताया कि हदाश-ताअल पार्टी के अध्यक्ष अयमान ओदेह को केसेट की पूर्ण बैठक से हटा दिया गया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भाषण के दौरान 'फिलिस्तीन को मान्यता देने' की अपील करने वाला एक पोस्टर दिखाया था। वहीं, अरब-इजरायली एमके के सांसद ओफर कैसिफ ने भी एक बैनर उठाने की कोशिश की, कुछ शोर मचा, और उन्हें भी जबरन हटा दिया गया। कासिफ इजराइली राजनीति में एक प्रमुख व्यक्ति हैं। वे अरब-बहुल हदाश-ताअल पार्टी के एकमात्र यहूदी सदस्य हैं और गाजा और वेस्ट बैंक में इजरायली कार्रवाइयों के मुखर विरोध के लिए जाने जाते हैं।





**स्पीकर ने मांगी माफी :** हंगामे की वजह से ट्रंप का भाषण नेसेट में कुछ समय के लिए बाधित हुआ फिर सुरक्षा अधिकारियों ने लोगों को हंगामा करने वाले संसद से बाहर खींच लिया और बैनर छीन लिए। इजरायली संसद के स्पीकर ने ट्रंप से कहा, 'इसके लिए क्षमा करें, राष्ट्रपति महोदय।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने चुटकी लेते हुए कहा, 'यह बहुत कारगर था,' जिसके बाद इजरायली सांसदों ने फिर से तालियां बजाईं और 'ट्रंप' नाम के नारे लगाए. इसके बाद ट्रंप ने फिर अपना भाषण जारी किया।

## राहुल-तेजस्वी की मीटिंग में तय हुआ फॉर्मूला, जल्द होगी घोषणा

# महागठबंधन में सीट का सस्पेंस खत्म राजद को 134 कांग्रेस को मिलेगी 54 सीटें!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के सीट बंटवारे के बाद महागठबंधन (इंडिया गठबंधन) की सीट शेयरिंग को भी लेकर सस्पेंस खत्म हो गया है। सूत्रों के मुताबिक, राजधानी दिल्ली में दो दिन चली बैठकों के दौर के बाद सीटों का बंटवारा फाइनल हो गया है। तेजस्वी मंगलवार शाम तक महागठबंधन के अन्य घटक दलों के नेताओं के साथ मिलकर सीट शेयरिंग की आधिकारिक घोषणा करेंगे। गठबंधन सूत्रों के मुताबिक, दो दिनों की बैठक में सभी दलों के बीच सीटों पर सहमति बन चुकी है, बस औपचारिक एलान बाकी है।

उम्मीदवारों के नामों पर भी चर्चा लगभग पूरी हो चुकी है। महागठबंधन के अंदर सीटों का जो फॉर्मूला तय हुआ है, उसके मुताबिक आरजेडी को सबसे बड़ा हिस्सा मिला है- यानी 134 सीटें। जबकि कांग्रेस को 54, वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) को 18, सीपीआई (एमएल) को 22, सीपीआई को 4, सीपीएम को 6, झारखंड मुक्ति मोर्चा को 2, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी को 3 और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी को 2 सीटें मिलने की बात सामने आई है।

**खास बातें**

- बिहार में अगले महीने होने हैं विधानसभा चुनाव
- एनडीए ने सीट बंटवारे का कर दिया है ऐलान




### राहुल, तेजस्वी की हुई बैठक

रविवार रात को दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की बैठक हुई। इसके बाद दूसरे दौर की बैठक सोमवार को छत्तीसगढ़ की राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम के घर हुई। इस बैठक में राजद की तरफ से तेजस्वी यादव, सांसद संजय यादव और मनोज झा शामिल हुए। जबकि कांग्रेस की तरफ से संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम, सीएलपी शकील अहमद मौजूद रहे।

### कांग्रेस अपने हिस्से की सीटों का जल्द करेगी ऐलान

सूत्रों का कहना है कि, आरजेडी के नेताओं की बैठक के बाद मंगलवार को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो सकती है। इसके बाद संभव है कि पार्टी अपने कोटे की सभी सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी। बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू का कहना है कि, सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी जाएगी।

# मेडिकल काउंसिल ने जोड़ीं 9 हजार से ज्यादा सीटें

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नीट यूजी की एमबीबीएस सीटों की संख्या में बदलाव किया है। 10 अक्टूबर तक के नए आंकड़ों के अनुसार, अब पूरे भारत में कुल 1,26,600 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध हैं। इस संख्या में पुरानी सीटों के नवीनीकरण के साथ-साथ इस सत्र के लिए नई मंजूरी मिली सीटें भी शामिल हैं।

### 2025 सीट मैट्रिक्स में पूरे वर्ष हुए हैं कई संशोधन

शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में, एनएमसी द्वारा एम्स और जिपमर के अंदर आने वाली सीटों को छोड़कर, पूरे भारत में कुल 9,075 नई एमबीबीएस सीटों को मंजूरी दी गई थी। विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में सीटों की स्वीकृति की स्थिति में उतार-चढ़ाव के कारण नीट यूजी 2025 सीट मैट्रिक्स में पूरे वर्ष कई संशोधन हुए हैं। वे सीटों की नई संख्या को ध्यान से देखें और एनएमसी द्वारा जारी किए गए बदले हुए कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ें।

# सीबीआई करेगी करूर रैली हादसे की जांच



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 27 सितंबर को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख और अभिनेता विजय की रैली के दौरान करूर में हुई भगदड़ की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। इस हादसे में 41 लोग मारे गए और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति बनाने का भी आदेश दिया है। इस समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी करेंगे।

### जांच का मकसद

इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन के महत्व को फिर से उजागर किया है। सीबीआई जांच का मकसद है कि हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई हो। सुप्रीम कोर्ट ने इस जांच को पूरी तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष रखने का निर्देश दिया है। इस तरह, करूर भगदड़ ने राज्य में राजनीतिक रैलियों और सार्वजनिक आयोजनों में सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।


## प्रादेशिक सेना (मध्य कमान) में भर्ती

प्रादेशिक सेना में चयन निष्पल और पारदर्शी है, तथा केवल योग्यता के आधार पर ही होता है, प्रादेशिक सेना में चयन या गर्ती के लिये किसी को भी रिश्वत नहीं दी जानी चाहिये, अभ्यर्थियों को भर्ती एजेंट के रूप में प्रस्तुत होने वाले रिश्वतखोरों के झांसे में नहीं आना चाहिये।

1. प्रथम चरण मध्य कमान (जोन-11) की प्रादेशिक सेना (टीए) की यूनिटों के लिये भर्ती का प्रथम चरण (शारीरिक क्षमता और मेडिकल परीक्षण) बिहार, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मध्य प्रवेश ओडीशा, उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश के अभ्यार्थीयो के लिए निम्न लिखित स्थानों पर दिनांक 15 नवम्बर 2025 से 14 दिसम्बर 2025 तक आयोजित किया जायेगा :-

| क्रम संख्या | भर्ती रैली का स्थान | आयोजक यूनिट | भर्ती मध्य कमान की (जोन-2) निम्नलिखित टीए यूनिटों के लिए की जा रही है - |
|---|---|---|---|
| (क) | सोफीपुर लॉन रेंज, मेरठ कैन्ट (उत्तर प्रदेश) पिन 250001 | 153 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) डोगरा | 108 (टीए), 111 (टीए), 114 (टीए), 120 (टीए), 151 (टीए), 153 (टीए) और 155 (टीए) |
| (ख) | महार रेजिमेंटल सेन्टर, सागर (मध्य प्रदेश) पिन - 470001 | 108 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) महार | |
| (ग) | रांगैलुंगा बेरहमपुर/ ब्रम्हापुर, गन्जाम जिला-ओड़ीशा पिन - 760007 | 120 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) बिहार | |
| (घ) | मुख्यालय कोसा, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन- 492001 | 155 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) जैक रिफ | |

2. भर्ती के लिये कुल रिक्त प्रादेशिक सेना में भर्ती के लिये निम्नलिखित कुल 792 रिक्त पद आवंटित किये गये हैः- सैनिक (सामान्य ड्यूटी) - 752, सैनिक (क्लर्क) - 06, सैनिक (शैफ) - 07, सैनिक (शैफ स्पेशल) -01, सैनिक (कुक मेस) - 02, सैनिक (स्टीवार्ड) - 02, सैनिक ( कारीगर धातुकर्म) - 02, सैनिक ( कारीगर लकड़ी) - 02, सैनिक (हेयर ड्रेसर) - 03, सैनिक (दर्जी) - 01, सैनिक (हाउस कीपर) - 10 और सैनिक (धोबी ) - 04. किसी भी भर्ती रैली स्थान से चयनित अभ्यार्थीयो को मध्य कमान ( जोन-2) की किसी भी टीए यूनिट में तैनात किया जा सकता है। 3. विभिन्न राज्यों और जिलों के मूल निवासियों के लिये जिलेवार भर्ती रैली का कार्यक्रम निम्नलिखित है।

| दिनांक | स्थान- सोफीपुर लॉन रेंज, मेरट कीट (उत्तर प्रदेश) | स्थान- महार रेजिमेटल सेन्टर, सागर मध्यप्रदेश |
|---|---|---|
| | राज्य/जिला | राज्य/जिला |
| 15 नवंबर 25 | उत्तराखंड- उत्तरकाशी, बागेश्वर, चम्पावट, उधम सिंह नगर और टिहरी गढ़वाल | छत्तीसगढ़- मुंगेली सूरजपुर, गौरेला- पेंड्रा- मारवाही और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर |
| 16 नवंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 17 नवंबर 25 | उत्तराखण्ड -हरिद्वार, नैनीताल, पिथौरागढ़ और रुद्रप्रयाग | छत्तीसगढ़-कबीरधाम, बेमेतरा, कोरिया, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला मानपुर-अम्बागढ़ चौकी |
| 18 नवंबर 25 | उत्तराखंड- देहरादून, अल्मोड़ा, चमोली और पौड़ी गड़वाल | मध्यप्रदेश- इंदौर, बरवानी, निवारी और हरदा |
| 19 नवंबर 25 | उत्तर प्रदेश- मैनपुरी और बदायूं | मध्यप्रदेश- सागर, अलीराजपुर, बुरहानपुर, और दतिया |
| 20 नवंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 21 नवंबर 25 | उत्तर प्रदेश- बलरामपुर और बुलन्दशहर | मध्यप्रदेश- भोपाल, नीमच, अशोकनगर और पन्ना |
| 22 नवंबर 25 | उत्तरप्रदेश- श्रावस्ती और गजियाबंद | मध्यप्रदेश, रीवा, मऊगंज, मैहर और धार |
| 23 नवंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 24 नवंबर 25 | उत्तर प्रदेश- फरुखाबंद और बहराइच | मध्यप्रदेश- नरसिंहपुर, गुना, दमोह और कटनी |
| 25 नवंबर 25 | उत्तर प्रदेश- लखनऊ और हापुड़ | मध्यप्रदेश-झाबुआ, खंडवा (पूर्वी निमाड़) सीहोर और रायसेन |
| 26 नवंबर 25 | उत्तर प्रदेश- देवरिया और मथुरा | मध्यप्रदेश, सतना, मंदसौर, सिवनी और श्योपुर |
| 27 नवंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 28 नवंबर 25 | उत्तर प्रदेश- समल और सहारपुर | मध्यप्रदेश-नर्मदापुरम (होशंगाबाद), टीकमगढ़, रतलाम और विदिशा |
| 29 नवंबर 25 | उत्तर प्रदेश- फिरोजाबाद, गौतमबुद्ध नगर और इटावा | मध्यप्रदेश, छिंदवाड़ा, बैतूल, पांढ़रना और भिंड |
| 30 नवंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 01 दिसंबर 25 | उत्तर प्रदेश- बारांबाकी और पीलीभीत | मध्यप्रदेश- राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन और आगर-मालवा |
| 02 दिसंबर 25 | उत्तर प्रदेश- एटा और बिजनौर | मध्यप्रदेश, ग्वालियर, छतरपुर और शिवपुरी |
| 03 दिसंबर 25 | उत्तर प्रदेश- मुजफ्फरपुर नगर और कासगंज | मध्यप्रदेश-देवास, मुरैना, और खरगोन (पश्चिम निमाड़) |
| 04 दिसंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 05 दिसंबर 25 | उत्तर प्रदेश- लखीमपुर खोरी और हाथरस | उत्तर प्रदेश- मिर्जापुर, बांदा और ललितपुर |
| 06 दिसंबर 25 | उत्तर प्रदेश- अलीगढ़ और कन्नौज | उत्तर प्रदेश- सोनभद्र, कानपुर देहात और आगरा |
| 07 दिसंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 08 दिसंबर 25 | उत्तर प्रदेश- गोड़ा और अयोध्या | उत्तर प्रदेश- जालौन, कानपुर नगर और झांसी |
| 09 दिसंबर 25 | उत्तर प्रदेश- उन्नाव, बागपत और औरेया | उत्तर प्रदेश- मुरादाबाद, हरदोई और सुलतानपुर |
| 10 दिसंबर 25 | उत्तर प्रदेश- शाहजहापुर और महाराजगंज | बिहार- वैशाली, बेगुसरॉय और अररिया |
| 11 दिसंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 12 दिसंबर 25 | उत्तर प्रदेश- शामली, अमरोहा और रामपुर | बिहार- कटिहार, बक्सर और सहरसा |
| 13 दिसंबर 25 | उत्तर प्रदेश- मेरठ और संत कबीर नगर | |
| 14 दिसंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |

| दिनांक | स्थान- रंगेईलुड़ा, बेरहमपुर/ब्रम्हापुर, गंजाम, जिला ओडीसा | स्थान- मुख्यालय कोसा, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ |
|---|---|---|
| | राज्य/जिला | राज्य/जिला |
| 15 नवंबर 25 | झारखंड-गोड़ा, बिहार- पश्चिम चंपारन ओड़ीसा- भद्रक और देवगढ़ (देलोगड़) | मध्यप्रदेश-जबलपुर, सिंगरौली, डिंडोरी और अनूपपुर |
| 16 नवंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 17 नवंबर 25 | झारखंड- लतेहार, बिहार- शेहोर और सिवान, ओडीसा- सुवर्णपुर (सोनपूर) और नुआपाड़ा | मध्यप्रदेश- बालाघाट, मंडला, शहडोल, सीधी और उमरिया |
| 18 नवंबर 25 | झारखंड- गिरिडोह और पाकुर, बिहार-मधुबनी और नवादा, ओड़ीसा -झाससुगुड़ा और नवरंगपुर | छत्तीसगढ़- गरियाबंद, महासमुंद, बालोद, बलरामपुर-रामानुजगंज, कोंडागांव और बीजापुर |
| 19 नवंबर 25 | झारखंड, जमतारा और पश्चिम सिघनुम बिहार- लखीसराय और भागलपुर ओड़ीसा, केंद्रापड़ा और बलांगीर | छत्तीसगढ़- कोरबा, सक्ती, राजनांदगांव, बलौदाबाजार-भाटापारा, दुर्ग और धमतरी |
| 20 नवंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 21 नवंबर 25 | झारखंड- रामगढ़, बिहार- पूर्वी चंपारन और मुंगेर, ओड़ीसा, जाजपुर, कोरापुट और बरगड़ | छत्तीसगढ़- जशपुर, बिलासपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़, रायपुर, कांकेर और दंतेवाड़ा |
| 22 नवंबर 25 | झारखंड- लोहरदगा और खुंटी, बिहार- गोपालगंज और सनस्तीपुर, ओड़ीसा, केन्दुझर (केओनझर) और मालकानगिरी | छत्तीसगढ़- सरगुजा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बस्तर, नारायणपुर और सुकमा |
| 23 नवंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 24 नवंबर 25 | झारखंड- धनवाद और गुमला, बिहार- पुर्निया ओड़ीशा, सुन्दरगढ़, नवागढ़ और रायगड़ा | उत्तर प्रदेश-चित्रकूट, आजमगढ़ और कुशीनगर |
| 25 नवंबर 25 | झारखंड- गड़वा और दुमका- बिहार, नालंदा, ओड़ीसा, अनुगुल और मयूरगंज | उत्तर प्रदेश, चन्दौली, कौसांदी और संत रविदास नगर (भदोही) |
| 26 नवंबर 25 | झारखंड-रांची, बिहार किशनगंज और औरंगाबाद, ओड़ीशा-पुरी और कालाहान्डी | उत्तर प्रदेश- बलिया और महोबा |
| 27 नवंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 28 नवंबर 25 | झारखंड- सरायकेला, खरसावा और हजाराबाद , बिहार- दरभंगा ओड़ीसा- ढेकानाल और गजापती | उत्तर प्रदेश- गाजीपुर और अंबेडकर नगर |
| 29 नवंबर 25 | झारखंड-बोकारा और पूर्वी सिंघमूम, बिहार- अरवल ओड़ीशा, कटक और संबलपुर | उत्तर प्रदेश- वाराणसी और मउ |
| 30 नवंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 01 दिसंबर 25 | झारखंड- चतरा और पलानु, बिहार, मधेपुरा, ओड़ीशा, बालेश्वर (बालेशोर) और कंचमाल | उत्तर प्रदेश- हमीरपुर और प्रयागराज |
| 02 दिसंबर 25 | झारखंड- देवघर और कोडरमा, बिहार- कैमूर, उड़ीसा, खोर्घा और जगतसिंहपुर | उत्तर प्रदेश, प्रतापगढ़ और जौनपुर |
| 03 दिसंबर 25 | झारखंड- साहिबगंज और सिमडेगा, बिहार- जमुई, ओड़ीशा- गंजाम और बौध (बुद्ध) | उत्तर प्रदेश- अमेठी और गोरखपुर |
| 04 दिसंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 05 दिसंबर 25 | | उत्तर प्रदेश- बस्ती और फतेहपुर |
| 06 दिसंबर 25 | | उत्तर प्रदेश- रायबरेली और सिद्धार्थनगर |
| 07 दिसंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 08 दिसंबर 25 | | उत्तर प्रदेश- सीतापुर और बरेली |
| 09 दिसंबर 25 | | बिहार-सुपौल, भोजपुर और रोहतास |
| 10 दिसंबर 25 | | बिहार- सारण, जहानाबाद, बांका और खगड़िया |
| 11 दिसंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |
| 12 दिसंबर 25 | | बिहार- पटना और सीतामढ़ी |
| 13 दिसंबर 25 | | बिहार- गया, शेखपुरी और मुजफ्फपुर |
| 14 दिसंबर 25 | दस्तावेजीकरण/मेडिकल | |

**टिप्पणीः-** अभ्यर्थियों को भर्ती रैली में अपने जिला के मूल निवासी अनुसार ही भाग लेना होगा। अभ्यर्थियों को सभी दिनों में सुबह 04.00 बजे भर्ती स्थल पर पहुंचना होगा।

4. प्रथम चरण में चयनित अभ्यर्थी हो लिखित परीक्षा द्वितीय चरण में भाग लेंगे। तारीख, समय और स्थान की सूचना बाद में दी जायेगी। लिखित परीक्षा में निगेटिव मार्किंग होगी। 5. योग्यता के मापदंड और अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया www.jointerritorialarmy.gov.in वेबसाइट पर देखे और रोजगार समाचार पत्र देखें।



### कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (जोन क्र.02)
#### ई-प्रोक्योरमेंट तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्र./1164/न.पा.नि./जो 02/लोनिवि/2025-26 तिफरा, दिनांक 13.10.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 28.10.2025 समय 17.30 Hours (IST) तक आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 177550 | CONSTRUCTION OF RCC SLAB AT VARIOUS PLACES OF WARD NUMBER 05 TO 12. | 10.00 | 7,500 |

निविदा की सामान्य शर्ते, अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 14/10/2025 से डाउनलोड/देखी जा सकती है।

Green City, Clean City, Dream City.

कार्यपालन अभियंता (जोन क्रमांक-02)
नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)



### कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)
#### छ.ग. नगर पालिका (कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बधन तथा शर्तें) नियम 2013 के नियम 11 (1) तहत

#### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कृष्णानन्द सिंह आ. स्व. आर.बी. सिंह, पंजीकृत कॉलोनाईजर जिनका रजिस्ट्रीकरण क्र. 09 है, के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 4450/2. 4451/1 रकबा 0.012, 0.202 हे. पर आवासीय प्रयोजन हेतु (भूखण्डीय विकास) कॉलोनी के निर्माण हेतु अनुमति इस कार्यालय द्वारा जारी की जा रही है। कॉलोनाईजर के द्वारा छ.ग. नगर पालिक निगम तथा नगर पालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन तथा शर्तें) नियम 2013 के नियम 11 (1) के तहत स्वीकृत अभिन्यास अनुसार उक्त भूखण्ड के कुल संख्या के 12 प्रतिशत के बराबर भूखण्ड नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर के पक्ष में आंतरिक विकास कार्य होने तक नियम 11 के उप-नियम 1 के अंतर्गत कॉलोनी के आंतरिक विकास कार्य के सुरक्षा निधि के रूप में बंधक रखे गये है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

**बंधक भूखण्ड का विवरण**

| भूखंड क्र. | विवरण | कुल नग |
|---|---|---|
| 4450/2, 4451/1 | अनुमोदित अभिन्यास का भूखण्ड क्र. 4,5 | 2 नग |

उपरोक्त नियम के तहत नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा आंतरिक विकास पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नही हो जाते हैं, तब तक इन बंधक भूखण्ड का क्रय-विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

आयुक्त, नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर


## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

# इनकम कम हुई, केंद्रीय मंत्री गोपी देंगे इस्तीफा!

**कन्नूर।** केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने एक्टिंग में वापसी की इच्छा जताई है और कहा है कि वह अपना फिल्मी करियर जारी रखना चाहते हैं। कन्नूर में एक कार्यक्रम में त्रिशूर के सांसद और अभिनेता से नेता बने गोपी ने कहा कि मंत्री पद संभालने के बाद से उनकी आय में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि मैं सचमुच अभिनय जारी रखना चाहता हूं। मुझे और कमाई करनी है, मेरी इनकम पूरी तरह से बंद हो गई है। अभिनेता से नेता बने गोपी ने कहा कि वह राज्य के सबसे युवा भाजपा सदस्यों में से एक हैं और उन्होंने सुझाव दिया कि राज्यसभा सांसद सी सदानंदन मास्टर को उनके स्थान पर केंद्रीय मंत्री नियुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि मैंने कभी भी मंत्री बनने के लिए प्रार्थना नहीं की।


### कार्यालय नगर पंचायत जनकपुर, जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

क्रमांक/701/लो.नि.वि./न.पं./2025-26/ जनकपुर, दिनांक 08/10/2025

// ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

नगर पंचायत जनकपुर द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय-सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 177259 | Design, Construction, Testing, Commissioning And Setting Up Of Material Recovery Facility (MRF) & Compost Plant In Municipal Areas Of Janakpur, Chhattisgarh. (2nd call) | Rs. 53.72 Lakhs | Rs. 40.29 Thousands (Rupees Fourty Thousand Twenty Nine Only) TDR/FDR In Favour Of Chief Municipal Officer, Janakpur. | Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand Only) In The From Of D.D. In Favour Of Chief Municipal Officer, Janakpur | Construction Period- 06 Months (From The Date Of Issuing Of Work Order) Including Rainy Season & Trial Run -03 Months | 03/11/2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत जनकपुर
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)



### कार्यालय, जिला विपणन अधिकारी
### छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित
संयुक्त जिला कार्यालय भवन, प्रथम तल, कलेक्टोरेट परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
फोन नं. 07744-224045, Email- rajnandgaon.dmo@gmail.com

क्रमांक/विपणन/धान भूसा / 2040/2025 राजनांदगांव, दिनांक 11.10.2025

**निविदा**


**खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों में धान भूसा एवं प्लास्टीक बोरी के हेतु आनलाईन ई-निविदा सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला-राजनांदगांव द्वारा समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन हेतु विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रों / ईकाईयो में धान भूसा एवं प्लास्टीक बोरी कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा सूचना जेम पोर्टल की वेबसाईट में जा कर इच्छुक निविदाकारों के द्वारा भरा जा सकता है। निविदा क्रमांक / Bid Number-GEM/2025/B/6780727 धान भूसा एवं प्लास्टीक बोरी निविदा दिनांक 11.10.2025 से 10.11.2025 समय 12.00 PM तक ऑनलाईन भरी जा सकती है। बी.जी./ डी.डी. की मूल प्रति निविदा की अंतिम तिथि तक एवं समय से पूर्व जिला कार्यालय राजनांदगांव में जमा करना अनिवार्य है।

निविदा प्रारूप तथा शर्तों का अवलोकन जैम पोर्टल की वेबसाईट WWW.gem.gov.in पर निविदाकर्ताओं के अध्ययन हेतु गाईडलाईन के रूप में उपलब्ध है।

जिला विपणन अधिकारी
राजनांदगांव


## शब्द पहेली - 6018




**बाएँ से दाए**

1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, उसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 6017 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6028

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6027 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |


Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
आया त्योहार
हीरो पे सवार
XTREME 125R
Splendor+
XTEC 2.0
पुराना एक्स-शोरूम
₹1 01 246
शुरूआती
एक्स-शोरूम कीमत
₹93 335#
GST लाभ ₹7 911
सीमित अवधि
ऑफर
पुराना एक्स-शोरूम
₹79 716
शुरूआती
एक्स-शोरूम कीमत
₹73 487#
GST लाभ ₹6 229
इंस्टेंट डिस्काउंट
₹10 000^ तक
HDFC BANK
FESTIVE TREATS
क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
कैश बोनस
₹3 500*
विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स
₹3 200~
तक
प्रतिदिन EMI
₹69$
से शुरू
डाउन पेमेंट
₹1 999$
से शुरू
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
पाएं जीतने का मौका
100% कैशबैक
24 कैरट सोने का सिक्का
और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*
Additional offers on:
Flipkart
amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of base variant of Splendor+ and Xtreme125R in Chhattisgarh.
TOLL FREE
1800 266 0018
अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुरः पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौलीः इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमीः बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुरः ख़ुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांवः ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगरः जयसवाल ऑटो, 9926015773, बलंगीः नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथानः आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगरः मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमीः महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़ः पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरीः अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्: उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.

# काजू, बादाम में दाम कम होने से राहत की मिठास, किशमिश, अखरोट ने खाया भाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जीएसटी में बदलाव का कई सेक्टरों में ग्राहकों को लाभ मिल रहा है। त्योहारी सीजन में नवरात्रि से नया जीएसटी स्लैब लागू होने के कारण कई सामान के दाम कम हो गए हैं। ऐसे में इस दीपावली ड्राई फ्रूट्स में भी दाम कम होने की मिठास ग्राहकों को मिल रही है। आज कल मिठाई से ज्यादा ड्राई फ्रूट्स गिफ्ट में देने का चलन बढ़ गया है। ऐसे में गिफ्ट देने वालों को भी कम दाम देने पड़ेंगे। वैसे किशमिश के दाम अंगूर की फसल खराब होने के कारण इस बार बीते साल से करीब डबल हो गए हैं। अखरोट के दाम भी नई फसल आने के कारण ज्यादा हो गए हैं।

केंद्र सरकार ने जीएसटी के स्लैब में बदलाव करके चार के स्थान पर दो स्लैब कर दिए हैं। ऐसे में जिन सामान में पहले 18 या 12 फीसदी जीएसटी लगता था, वह अब पांच फीसदी के स्लैब में आ गए हैं। ड्राई फ्रूट्स में पहले 12 फीसदी जीएसटी लगता था, लेकिन अब इसमें पांच फीसदी जीएसटी लगने के कारण दाम में सात फीसदी की राहत मिली है। ऐसे में ड्राई फ्रूट्स सस्ते हो गए हैं।

## जीएसटी कम होने से कुछ के दाम कम तो कुछ के दाम खराब और नई फसल के कारण ज्यादा भी

### किसके कितने दाम

ड्राई फ्रूट्स में काजू की बात करें तो इसमें अलग-अलग क्वालिटी आती है। इस समय अपने प्रदेश में आठ सौ से 11 सौ रुपए किलो तक काजू मिल रहे हैं। सबसे अच्छी क्वालिटी का काजू 11 सौ रुपए है। जहां तक बीते साल का सवाल है तो बीते साल इसके दाम नौ सौ से 13 सौ रुपए तक थे। अच्छी क्वालिटी का बादाम 800 रुपए किलो है। बीते साल इसके दाम हजार रुपए तक थे। अंजीर की बात करें तो अंजीर के दाम हजार रुपए से लेकर 17 सौ रुपए तक है। इसके दाम बीते साल 12 सौ से दो हजार रुपए तक थे। पिस्ता के दाम नौ सौ से लेकर 11 सौ रुपए हैं। बीते साल इसके दाम एक हजार से 12 सौ रुपए तक थे।



### किशमिश-अखरोट ने खाया भाव

एक तरफ जहां जीएसटी के कारण कई ड्राई फ्रूट्स के दाम कम हो गए हैं, वहीं किशमिश और अखरोट के दाम बढ़ गए हैं। कारोबारियों के मुताबिक किशमिश के दाम बढ़ने का कारण अंगूर की फसल का खराब होना है। जो किशमिश बीते साल 300 रुपए के आस-पास थी, वह इस बार पांच से छह सौ रुपए किलो हो गई है। इसी तरह से अखरोट के दाम चार माह पहले आठ से नौ सौ रुपए थे, लेकिन इसकी नई फसल आने के कारण इसके दाम हजार से 11 सौ रुपए हो गए हैं।

### जीएसटी कम होने से फायदा

जीएसटी सात फीसदा कम होने के कारण कई ड्राई फ्रूट्स के दाम सौ से डेढ़ सौ रुपए कम हो गए हैं। किशमिश के दाम अंगूर की फसल खराब होने और अखरोट के दाम नई फसल के कारण ज्यादा हो गए हैं।

**- अजय कृष्णनानी**
थोक कारोबारी

# विदा ले रहा मानसून, 139 दिन छत्तीसगढ़ में एक्टिव रहने के बाद कांकेर से रवानगी

- *28 मई को सुकमा से हुआ प्रवेश, 13 अक्टूबर को कांकेर से वापसी*
- *अगले दो दिनों में रायपुर और सप्ताहभर के भीतर अंबिकापुर से प्रस्थान*



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दस साल के रिकार्ड को पीछे छोड़कर 28 मई को सुकमा से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई शुरू हो गई है। 139 दिन सक्रिय रहने के बाद कांकेर से इसकी रवानगी शुरू हुई है। अगले दो दिन के भीतर इसके रायपुर और सप्ताहभर के अंदर अंबिकापुर छोड़ने की संभावना है। मानसून की उपस्थिति के दौरान राज्य में 1242 मिमी. बारिश हो चुकी है, जिसमें सर्वाधिक बलरामपुर जिले में 1579 मिमी है।

मानसून के प्रदेश से विदाई प्रारंभ होने की सामान्य तारीख 5 अक्टूबर है। इस बार कांकेर से इसकी शुरुत 6 दिन लेट 13 अक्टूबर को हुई है। माना जा रहा है परिस्थिति अनुकूल होने के कारण सप्ताहभर के भीतर यह पूरा छत्तीसगढ़ छोड़ देगा। मानूसन प्रदेश में इस बार समय से पहले आया था, मगर एंट्री कमजोर रही। बारिश का दौर जून के दूसरे सप्ताह में ही प्रारंभ हुआ था। मौसम विभाग के अनुसार दस्तक से लेकर विदाई की शुरुआत के 139 दिन में राज्य में अपने औसत वर्षा का कोटा पूरा करने के बाद वापस लौटना प्रारंभ कर चुका है। रेनी सीजन यानी 30 सितंबर तक पर्याप्त मात्रा में बरसने के बाद पोस्ट मानसून के रूप में भी इसकी उपस्थिति अक्टूबर में काफी दिनों तक रही।

### अब व्यापक असर नहीं

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अब राज्य के अलग-अलग हिस्सों में स्थानीय प्रभाव से हल्की बारिश हो सकती है, मगर इसका व्यापक असर होने की संभावना काफी कम है। मानसून की रवानगी होने तक राज्य में 1242 मिमी. बारिश हो चुकी है। सबसे ज्यादा 1579 मिमी. बलरामपुर में और सबसे कम 551 मिमी. पानी बेमेतरा जिले में हुआ है। रायपुर में बारिश की स्थिति 1089 रही है जो अपनी औसत वर्षा को पूरा करता है।

### बादल छंटे तो गर्मी लगी

सोमवार को छाए बादल काफी मात्रा में छंट गए। इसके बाद निकली धूप के प्रभाव से गर्मी महसूस होती रही। माना जा रहा है कि आसमान साफ होने की वजह से अब रात के न्यूनतम तापमान में कमी आएगी, इससे ठंड का प्रभाव बढ़ेगा। अब शहरी इलाकों में भी सुबह-सुबह ठंड का असर महसूस होने लगा है। वहीं आउटर में धुंध का प्रभाव भी नजर आने लगा है। पेंड्रा जैसे इलाके में रात का तापमान 18 डिग्री से कम हो गया है, मगर रायपुर में 23-24 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है।

# जीएनएम से बीएससी में अपग्रेड 1400 सीटें काउंसिलिंग से बाहर, चार साल से दिया जा रहा था एडमिशन

- च्वाइस फीलिंग में संस्था का नाम नहीं होने पर खुलासा, राज्य शासन से अनुमति नहीं लेने का हवाला
- संबंधित संस्थाओं को नहीं दी गई जानकारी, नाराज निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन सचिव से मिला

**रायपुर।** पिछले चार साल से जीएनएम से बीएससी नर्सिंग में अपग्रेड हुई 1400 सीटों पर एडमिशन दिया जाता रहा उसे इस बार काउंसिलिंग से बाहर कर दिया गया। एडमिशन के लिए आवेदन के दौरान च्वाइस फीलिंग में इन संस्थाओं का नाम शामिल होने पर मामले का खुलासा हुआ।

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इसके लिए राज्य शासन से अनुमति नहीं लेने का हवाला दिया गया है। निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों का कहना है कि चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस बात की जानकारी संबंधित कालेज प्रबंधन को भी नहीं दी गई है। सोमवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष महेन्द्र चौबे एवं अन्य प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिखा राजपूत तिवारी से मिला। जानकारी के अनुसार पूर्व में जीएनएम से बीएससी नर्सिंग में अपग्रेड होने वाली सीटों को सीजी एनआरसी से मान्यता और संबंधित संस्थानों को आयुष से संबद्धता मिलने के बाद काउंसिलिंग में शामिल किया जाता था। राज्य में 5 जीएनएम कालेज की करीब 180 सीटें बीएससी में कन्वर्ट हुई। इसके साथ ही लगभग बीएससी के पाठ्यक्रम का संचालन करने वाले 30 कालेजों की जीएनएम की लगभग 1300 सीटों को अपग्रेड किया गया था। इस बार एडमिशन के लिए आवेदन और संस्था चयन में संबंधित संस्था का नाम शामिल नहीं किया गया है। इससे राज्य में बीएससी की पढ़ाई की इच्छा रखने वाले विद्यार्थियों को नुकसान होने की आशंका है। कालेज एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि स्वास्थ्य सचिव द्वारा इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सीट मैट्रिक्स जारी नहीं

नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन की मंगलवार को अंतिम तिथि है। इसके बाद सीएमई द्वारा जारी होने वाले शेड्यूल के हिसाब से एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। शिकायत की जा रही है कि पूर्व में काउंसिलिंग के पहले सीटों की जानकारी संबंधित संस्था के साथ वेबसाइट पर अपलोड की जाती थी। इस बार ऐसा नहीं किया गया है, जिसकी वजह अभ्यर्थियों को यह पता नहीं चल पा रहा है कि किस कालेज में कितनी सीटें हैं।

## ओपी चौधरी ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं का किया निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को कार्यकर्ताओं और आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए लोगों के आवेदनों एवं शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सहयोग केंद्र में कार्यकर्ताओं की ओर से 100 से ज्यादा आवेदन आए।

**बिक्री सूचना**
**वंदना विद्युत लिमिटेड (परिसमापन में)**
परिसमापकः श्री संजय गुप्ता
परिसमापक का पताः एएए हाउस, 64, ओखला एस्टेट मार्ग, मोदी मिल्स के पीछे, ओखला फेज III, ओखला औद्योगिक एस्टेट, नई दिल्ली, दिल्ली 110020
ईमेलः vandana.vidhyut@aaainsolvency.com, assetsale1@aaainsolvency.in sanjaygupta@aaainsolvency.com मोबाइल– 8800865284 (श्री वसीम)

**ई–नीलामी**
**दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अंतर्गत परिसंपत्तियों की बिक्री**
**ई–नीलामी की तिथि एवं समयः 5 नवंबर, 2025, दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक**
**(प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 3 नवंबर, 2025, शाम 7 बजे तक**

वंदना विद्युत लिमिटेड – परिसमापनाधीन ("सीडी") के स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री, जो माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, कटक पीठ द्वारा 16 दिसंबर, 2019 के आदेश द्वारा नियुक्त परिसमापक द्वारा गठित परिसमापन संपदा का हिस्सा हैं। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री ई–नीलामी प्लेटफॉर्म अर्थात बैंकनेट के माध्यम से की जाएगी, जिसकी वेबसाइटः **https://baanknet.com/**

| परिसंपत्ति का विवरण | ब्लॉक | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| सीडी के गैर–वर्तमान निवेश, यानी वंदना ग्लोबल लिमिटेड के कुल 23,06,156 शेयर | A | 4,25,99,671 | 42,59,67 | 8,00,000 |
| सीडी के गैर–वर्तमान निवेश, यानी गंगा शिपिंग लॉजिस्टिक्स एंड सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के कुल 3,00,000 शेयर | B | 1,95,28,332 | 19,52,833 | 1,00,000 |
| सीडी के गैर–वर्तमान निवेश, यानी निर्संस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के कुल 3,50,000 शेयर | C | 1,80,04,193 | 18,00,419 | 1,00,000 |
| सीडी के गैर–वर्तमान निवेश, यानी वी जी रियल एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड के कुल 2,09,600 शेयर | D | 1,39,55,145 | 13,95,514 | 1,00,000 |
| सीडी के गैर–वर्तमान निवेश, यानी कलावती इस्पात एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड के कुल 37,400 शेयर | E | 27,55,844 | 2,75,584 | 1,00,000 |

**नियम और शर्तें**
1. ई–नीलामी "जहाँ है जैसा है", "जो है जैसा है", "जो भी है" और "बिना किसी सहारे के" आधार पर आयोजित की जाएगी क्योंकि ऐसी बिक्री BAANKNET द्वारा IBBI ई–नीलामी पोर्टल (**https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home** पर अनुमोदित सेवा प्रदाता के माध्यम से किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना होगी
2. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016, अनुसूची I "बिक्री का तरीका" खंड 1(5A) के अनुसार, बोलीदाताओं को यह घोषित करना होगा कि वे धारा 29ए के तहत अयोग्य नहीं हैंय हालाँकि, यदि बाद में अपात्रता स्थापित हो जाती है, तो जमा की गई कोई भी अग्रिम राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. कृपया ध्यान दें कि अग्रिम राशि सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ केवल बैंकनेट नीलामी मंच के माध्यम से ही जमा करनी होगी।

हस्ताक्षरित/–
संजय गुप्ता
**Date- 14.10.2025**
**Place: New Delhi**
इस मामले में परिसमापक वंदना विद्युत लिमिटेड
आईबीबीआई (पंजीकरण सं. **IBBI/IPA-001/IP-P00117/2017-2018/10252**)
पताः एएए हाउस, 64, ओखला एस्टेट मार्ग, मोदी मिल्स के पीछे, ओखला फेज III, ओखला औद्योगिक एस्टेट, नई दिल्ली, दिल्ली 110020
संपर्क व्यक्तिः मोहम्मद वसीम, श्री असीम और श्री ऋतु राज (91–8800865284)



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### अपराधियों में कानून...

ने अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय सुधार किया है, उनके अनुभवों को अन्य जिलों में मॉडल के रूप में लागू किया जाए। इस अवसर पर गृहमंत्री विजय शर्मा, मुख्य सचिव विकास शील, अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। **पुनर्वास नीति में माओवादियों का विश्वास बनाए रखना प्राथमिकता**-मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश में घुसपैठियों की पहचान और नियंत्रण के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि सीमावर्ती जिलों में सघन जांच की जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी कहा, अपराधों की अनदेखी अक्सर गंभीर अपराधों को जन्म देती है, इसलिए प्रत्येक मामले में समयबद्ध कार्रवाई आवश्यक है। बैठक में आत्मसमर्पित माओवादियों के पुनर्वास और आजीविका सशक्तिकरण पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा, राज्य सरकार की पुनर्वास नीति में माओवादियों का विश्वास बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। आत्मसमर्पित माओवादियों को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर स्थानीय रोजगार या स्वरोजगार से जोड़ा जाए, ताकि वे मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें। **साइबर अपराधों पर जागरूकता अभियान चलाएं** -कॉन्फ्रेंस में साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि साइबर अपराध आधुनिक युग का सबसे जटिल खतरा बन चुका है। इसे रोकने के लिए पुलिस बल को निरंतर तकनीकी प्रशिक्षण दिए जाने पर बल दिया गया। साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर का प्रचार-प्रसार जनसंपर्क विभाग के सहयोग से व्यापक स्तर पर किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि साइबर अपराधों के नए-नए तरीकों को देखते हुए प्रत्येक जिले में जागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि आम नागरिक ठगी, फिशिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे अपराधों से सुरक्षित रह सकें। **रात 10 बजे के बाद लाउड स्पीकर और डीजे पर रोक लगाएं**- कलेक्टर एसपी कॉन्फ्रेंस में सड़क सुरक्षा को लेकर भी गहन मंथन हुआ। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था सुधार के लिए कठोर कदम उठाने पर जोर दिया गया। हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही, ब्लैक स्पॉट की पहचान कर सुधारात्मक कार्य किए जाने, रात 10 बजे के बाद डीजे या लाउडस्पीकर के उपयोग पर रोक लगाने और नशे में वाहन चलाने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सड़क पर आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी प्रभावी कदम उठाने को कहा गया।

### ईपीएफओ से अब...

कर्मचारी एवं नियोक्ता के हिस्से सहित पात्र शेष राशि का 100 प्रतिशत तक निकाल सकेंगे। इसके साथ आंशिक निकासी के जटिल 13 प्रावधानों को आसान बनाने हुए अब तीन श्रेणियों में शामिल कर दिया गया है। इनमें आवश्यक जरूरतें (बीमारी, शिक्षा, विवाह), आवासीय जरूरतें और विशेष परिस्थितियां शामिल हैं। शिक्षा और विवाह के लिए निकासी की सीमा क्रमशः 10 और पांच बार कर दी गई है। विशेष परिस्थितियों में निकासी के लिए अब कारण बताने की भी जरूरत नहीं होगी, जिससे कई दावे अब अस्वीकार नहीं होंगे। इसके अलावा सभी आंशिक निकासी के लिए न्यूनतम सेवा अवधि को भी अब घटाकर 12 महीने कर दिया गया है। ईपीएफओ ने यह भी तय किया है कि सदस्यों को अपनी अंशदान राशि का 25 प्रतिशत न्यूनतम शेष राशि के रूप में हमेशा बनाए रखना होगा। इससे सदस्य उच्च वार्षिक ब्याज सहित चक्रवृद्धि लाभ के जरिये अपने लिए बड़े सेवानिवृत्ति कोष का निर्माण कर सकेंगे। साथ ही, पूर्व निकासी की अवधि भी बढ़ा दी गई है। कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के परिपक्वता-पूर्व अंतिम निपटान की अवधि को दो महीने से बढ़ाकर 12 महीने और अंतिम पेंशन निकासी अवधि को दो महीने से बढ़ाकर 36 महीने कर दिया गया है।

### शहर के नजदीक...

देने के साथ ही हाथियों को ट्रैक करने का काम शुरू किया। देर रात तक हाथियों का दल बधियाचुआ जंगल में डटा हुआ था। बता दें कि 25 हाथियों का दल लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। हाथी जंगल से निकलकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हाथियों की मौजूदगी से लोगों में दहशत का माहौल है। रविवार को हाथियों का दल करदोनी के जंगल में था लेकिन सोमवार की शाम अचानक ही हाथी करदोनो से रामनगर, मलगंवा होते खैरबार पहुंच गए थे। हाथी पहले भी बांकी डेम के तरफ आते थे लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है कि हाथी बांकी डेम से नीचे बस्ती में पहुंचे हों। हाथी खैरबार में केएन सिंह के फार्म हाउस के पास विचरण कर रहे थे। इस फार्म हाउस से शहर की दूरी महज 3 किमी ही है। ऐसे में हाथी एक लिहाज से शहर के बिल्कुल नजदीक पहुंच गए थे।

### सॉफ्टवेयर का ट्रायल...

ऑनलाइन टोकन देने का काम शुरु हो जाएगा। सरकार ने यह फैसला भी किया है कि छोटे किसानों को पहले टोकन दिए जाएंगे। 10 एकड़ से कम जमीन वाले किसान छोटे किसानों की श्रेणी में शामिल होंगे।

### गाजा में शांति...

कहा कि उनके देश को युद्ध के मैदान में और कुछ हासिल नहीं करना है तथा हमास के खिलाफ दो साल के युद्ध तथा हिजबुल्ला और ईरान के साथ झड़पों के बाद पश्चिम एशिया में शांति के लिए काम करना होगा। इजराइल और हमास के बीच अमेरिका की मध्यस्थता से हुआ युद्धविराम समझौता हालांकि अब भी नाजुक स्थिति में है, फिर भी ट्रंप क्षेत्रीय सद्भाव को कायम करने के अवसर का लाभ उठाने के लिए दृढ़संकल्पित हैं। उन्होंने इजराइली संसद नेसेट में घोषणा की, अब से आने वाली पीढ़ियां इसे उस क्षण के रूप में याद करेंगी जब सब कुछ बदलना शुरू हुआ।

इस समझौते के तहत, इज़राइल ने 1,900 से ज़्यादा फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। अकालग्रस्त गाजा में खाद्य और सहायता सामग्री की आपूर्ति बढ़ाने की अनुमति दी है। ट्रंप मिस्र में अन्य नेताओं के साथ अमेरिका द्वारा प्रस्तावित समझौते और युद्धोत्तर योजनाओं पर चर्चा करेंगे। एर्दोआन के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, तुर्की के नेता शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य नेताओं के साथ मुलाकात कर द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। एर्दोआन की सरकार ने गाजा में युद्धविराम की मध्यस्थता में अहम भूमिका निभाई। इस शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फतह अल-सीसी करेंगे और इसमें 20 से अधिक देशों के नेता शामिल होंगे। अपने भाषण से पहले ट्रंप ने नेसेट चैंबर में प्रवेश किया। तालियों की लगातार गड़गड़ाहट के बीच ट्रंप का स्वागत किया गया। चैंबर में सांसदों के साथ-साथ अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी शामिल थे। अमेरिकी ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष डैन केन भी वहां मौजूद थे। ट्रंप ने पहले गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए कुछ लोगों के परिवारों से मुलाकात की। विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती ने सोमवार को कहा कि यह सुनिश्चित करना बेहद ज़रूरी है कि इज़राइल और हमास युद्धविराम समझौते के पहले चरण को पूरी तरह से लागू करें ताकि दोनों पक्ष, अंतरराष्ट्रीय समर्थन के साथ, दूसरे चरण पर बातचीत शुरू कर सकें। उन्होंने कहा, 'यह ज़्यादा मुश्किल और पेचीदा है, और हमें राष्ट्रपति ट्रंप को बातचीत में शामिल रखना होगा। यह बहुत-बहुत ज़रूरी है क्योंकि यह पूरी तरह से उनकी बातचीत पर निर्भर करता है। हमास ने ट्रंप के इस बयान का स्वागत किया कि गाज़ा में युद्ध समाप्त हो गया है हमास के एक प्रवक्ता ने ट्रंप के इस बयान का स्वागत किया है कि गाज़ा में युद्ध समाप्त हो गया है। टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर एक पोस्ट में हाजम कासिम ने मध्यस्थों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि इजराइल दोबारा युद्ध शुरू न करे।

**गाजा में 4 दिनों में 200 शव बरामद-**

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि पिछले 24 घंटों में नष्ट हुई इमारतों के मलबे के नीचे से 60 फलस्तीनियों के शव बरामद किए गए हैं और उन्हें अस्पतालों में पहुंचाया गया है। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम लागू होने और इज़राइली सैनिकों के गाजा के कुछ हिस्सों से पीछे हटने के बाद से पिछले चार दिनों में बरामद शवों की संख्या 200 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में इज़राइल के अभियान में 67,800 से ज़्यादा फलस्तीनी मारे गए। मंत्रालय नागरिकों और लड़ाकों में कोई अंतर नहीं करता, लेकिन उसका कहना है कि मृतकों में लगभग आधे महिलाएं और बच्चे थे।

**ईरान ने निमंत्रण को किया अस्वीकार -**

ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने अपने हितों और अमेरिका की 'एकतरफा नीति' के आधार पर मिस्र में शर्म अल-शेख शिखर सम्मेलन में भाग लेने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। मंत्रालय के प्रवक्ता, इस्माइल बघाई ने संवाददाताओं को बताया कि यह निर्णय मंत्रालय के अंदर और देश में अन्य निर्णय लेने वाली संस्थाओं के साथ चर्चा के बाद लिया गया है। प्रवक्ता ने कहा, किसी भी निर्णय के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं, जिसमें भागीदारी और भागीदारी से परहेज़ भी शामिल है, की गणना की गई और अंततः एक ऐसे निर्णय पर पहुंचा गया, जो देश की बेहतरी और हितों को सुरक्षित रखता है।

### ट्रंप की 20 सूत्रीय...

**(सेफ एग्जिट) दिया जाएगा**

7. गाजा में मानवीय सहायता तुरंत दाखिल होगी
8. संयुक्त राष्ट्र, रेड क्रिसेंट और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के जरिए मदद पहुंचाई जाएगी
9. गाजा में 'बोर्ड ऑफ पीस' के तहत एक अस्थायी तकनीकी समिति शासन करेगी
10. ट्रंप के नेतृत्व वाली आर्थिक योजना के तहत गाजा को पुनर्निर्मित और आधुनिक बनाया जाएगा
11. गाजा में स्पेशल इकोनॉमिक जोन (विशेष आर्थिक क्षेत्र) बनाया जाएगा ताकि व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिले
12. किसी को जबरन नहीं हटाया जाएगा. लोगों को रहने, जाने या लौटने की स्वतंत्रता होगी
13. पूरी तरह से निशस्त्रीकरण (डिमिलिट्राइजेशन) किया जाएगा और सभी हथियार नष्ट किए जाएंगे
14. योजना के अनुपालन और सुरक्षा के लिए क्षेत्रीय देशों की गारंटी ली जाएगी
15. एक अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल (स्टेबिलाइजेशन फोर्स) तैनात किया जाएगा जो स्थानीय पुलिस की सुरक्षा और ट्रेनिंग देखेगा
16. कोई इजरायली कब्जा नहीं रहेगा. IDF (इजराइली सेना) चरणबद्ध तरीके से वापस जाएगी
17. अगर हमास समझौता नहीं मानता, तो शांति योजना आतंक-मुक्त इलाकों में ही लागू की जाएगी
18. अलग-अलग धर्मों के लोगों के बीच बातचीत और समझ बढ़ाई जाएगी ताकि सब शांति और मेलजोल के साथ रह सकें
19. इस योजना में फिलिस्तीन को अपना अलग देश बनने का रास्ता भी शामिल है
20. अमेरिका की अगुवाई में इजरायल-फिलिस्तीन संवाद शुरू होगा ताकि स्थायी शांति और सह-अस्तित्व का रास्ता निकले


सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital
Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस
मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773


आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें


असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** ग्रामीण क्षेत्र में मार्केटिंग कार्य करने के लिए युवक की आवश्यकता है जिन्हे छत्तीसगढ़ी भाषा का ज्ञान हो एवं स्वयं की बाईक आवश्यक है अपनी डिटेल भेजें 74772 37699, 7000867969 (38909)

**आवश्यकता है-** घरेलु कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है रहने, खाने की व्यवस्था है। सम्पर्क करें- सुबह 11 से 2बजे एवं शाम 5 से 9बजे गगन फ्लैक्स 27खोली चौक बिलासपुर 9039768650 (38904)

**आवश्यकता है-** MSCW Rural Projects कम्पनी में फिल्ड वर्क के लिए दो लड़कों की आवश्यकता है। वेतन आकर्षक सम्पर्क करें- सिन्धी कॉलोनी, SBI ऑफिस के बगल में कारगिल चौक बिलासपुर 07752412720, 7000047338 (38906)

**आवश्यकता है-** सेल्स एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़कियां चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार। कार्य समय 9.30AM to 6PM पता- शाश्वत प्रकाशन आरके लाइब्रेरी के पास, महामाया चौक सरकंडा बिलासपुर 9993608128, 9993608164 (38890)

**आवश्यकता है-** आफिस कार्य करने हेतु 2 पढ़े लिखे लड़कों की आवश्यकता है, वेतन- 10000 से 12000 तक सम्पर्क करें- 9373695934, 9617969000 (38888)

**आवश्यकता है-** बागेश्वर बालाजी कोल एण्ड ट्रान्सपोर्ट में फिल्ड वर्क के लिए लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 8516900999 (38889)

**आवश्यकता है-** OMI कम्पनी में ऑफिस हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000, रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा बिलासपुर 8818877406, 9644433021 (38910)

**आवश्यकता है-** डेंटल क्लीनिक में कार्य करने हेतु असिस्टेंट (मेल या फीमेल) एवं रिसेप्शनिस्ट की आवश्यकता है सम्पर्क करें- प्रेम आपर्टमेन्ट स्वीमिंग पूल ग्राउण्ड के सामने मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 9111052333 (38896)

**आवश्यकता है-** होलसेल मनिहारी दुकान में काम करने के लिए मेहनती लड़कों एवं लडकी की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- माँ वैष्णो सुहाग भण्डार अजीत होटल के पास मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर (38883)

**आवश्यकता है-** सर्व मंगला एजेंसी में सेमसंग मोबाईल डिस्ट्रीब्यूशन के लिए सेल्समेन की आवश्यकता है तत्काल संपर्क करें सर्व मंगला एजेंसी महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर 9752394144, 9827976705 (38894)

**आवश्यकता है-** ड्राईवर की आवश्यकता है लाईसेंस अनिवार्य है। आटोमैटीक एवं मैनूवल गाड़ी चालाना जानता हो 5साल से अधिक अनुभव वाले ही सम्पर्क करे- मिनोचा कॉलोनी के पास बिलासपुर 7024691300 (38892)

**आवश्यकता है-** खेती बाड़ी का सभी काम करने हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर काम कर सके। दोनों मिलाकर तनख्वाह 13000 रूपए सम्पर्क करें- 9754293974 (38882)

**आवश्यकता है-** टेन्ट हाउस में काम करने के लिए कम्प्यूटर जानकार सुपरवाइजर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 80019 75775, 8516986000 (38885)

**आवश्यकता है-** रेडीमेड शोरूम में 4वर्ष अनुभवी युवक/ युवती सेल्समैन, साड़ी काउंटर, गर्ल्स काउंटर, ब्वॉयेज सेल्स काउंटर संभालने का अनुभव हो। वेतन 12000 से अधिक सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी NX सदर बाजार बिलासपुर (38898)

**आवश्यकता है-** ड्यूटी डॉक्टर (RMO) BHMS की तत्काल आवश्यकता है। सैलरी योग्यता एवं अनुभव के अनुसार सम्पर्क करें- वर्मा नर्सिंग होम, विद्या नगर, L-2 डीपू पारा अम्बा टावर बिलासपुर 8305931718, 07752428039 (38893)

**आवश्यकता है-** रायपुर+ लोकल बिलासपुर में सुरक्षा गार्ड की आवश्यकता है वेतन- 10000 से 13000 सम्पर्क करें- एक्समैन सिक्युरिटी सर्विस वैशाली टॉवर हेमू नगर बिलासपुर 9754713125, 9827618359 (38880)

**आवश्यकता है-** डीजल टेक्नीशियन-2 (वेतन 12000-15000), सर्विस मैनेजर-1 (वेतन 15000- 20000) सेल्समैन-2 (वेतन 12000-15000) पियागियो ईवी, डीजल हेतु चाहिए। सम्पर्क- चावलानी एनर्जीज अधिकृत डीलर व्यापार विहार मेन रोड बिलासपुर 9303118000 (38887)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

**आवश्यकता है-** पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत अनुभवी सोलर पावर प्लांट इंस्टॉलर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अधिकृत विक्रेता टाटा पावर सोलर भट्ट एंटरप्राइजेज बिलासपुर 7003837779, 8085548615 (38876)

## बेचना

**बेचना है-** (1) बलेजा स्मार्ट रोड पर 1562 वर्गफुट कामर्शियल प्लॉट (2) सागरदीप कालोनी स्वतंत्र मकान (3) वार्ड नं.-1 शांति नगर प्लॉट (4) सकरी बटालियन सामने 100 फुट रोड पर 80डिस. जमीन शादी घर फैक्टरी अन्य हेतु कमर्शियल प्लाट सम्पर्क- 9340723055, 9827408205 (38905)

**बेचना है-** उषालता काम्प्लेक्स में किम्स हॉस्पिटल के सामने मगरपारा रोड में फर्स्ट फ्लोर फ्रंट साइड की दुकान 450 वर्गफुट एवं ग्राउड फ्लोर नं-3, 200 वर्गफीट बेचना है सम्पर्क करें- 8964980000, 9826681000 (38884)

**बेचना है-** 140 का फ्रंट 95 डिसमिल जमीन रायपुर बिलासपुर नेशनल हाईवे से एक किलोमीटर अन्दर सरगांव के पास किरना गांव में 40 फीट धारसा रोड में बेचना है सम्पर्क 9300833924 (38895)

**बेचना है-** आवासीय/ कमर्शियल प्लॉट सोनगंगा कॉलोनी 40X56, शिवम विहार 30X55, शिवा विहार 40X55, जुगल पैलेस के पास 40X60, विजयापुरम 40X60, प्रथम हॉस्पिटल के पास 2123 वर्गफिट, अरपा बिजनेस पार्क से लगी 22 फ्रंट 2617 वर्गफिट, 24 फ्रंट 2182 वर्गफिट संपर्क 9300878897 (315)

**बेचना है-** कॉलोनी हेतु खमतराई में 1 एकड़ 64 डिस., बिरकोना में 6एकड़, सेंदरी कोनी में 7एकड़ 32 डिस., 6एकड़ 15 डिस., मोहतराई में 5एकड़ 40 डिस., 8एकड़ 25 डिस., कच्छार में 24एकड़, अमतरा में 1एकड़ 80 डिस., घुटकू में 11एकड़ 79 डिस., शिवपुर खैरा रतनपुर में 13एकड़ 25 डिस. एंव पौसरा नगोई में 7एकड़ 44 डिस. संपर्क 9827973060 (316)

**बेचना है-** फैज़ान- ए- मदीना मस्जिद के पास फैज़ नगर तालापारा बिलासपुर में 30×50 का तीन बेडरूम, हॉल, पोर्च, किचन, लेटबाथ 2 अटैच, लेटबाथ 2 अलग सर्वसुविधायुक्त मकान बेचना है सम्पर्क करें- 9407619644 (38886)

**बेचना है-** शांती नगर बिलासपुर के शिवम रेसीडेन्सी अपार्टमेन्ट में थर्ड फ्लोर में स्थित 800 वर्ग फुट का सर्व सुविधा युक्त 2BHK फ्लैट नम्बर सी-304, बेचना है सम्पर्क करे 9827158035 (38907)

**बेचना है-** कोनी रमतला रोड में सेन्दरी से अटल बिहारी यूनिवर्सिटी से 2 किलोमीटर दूर ग्राम सेन्दरी में 6 एकड़ कृषि भूमि बेचना है सम्पर्क करे- अर्जुन साहू, परसराम साहू 7024448782, 74709 95506 (38908)

**बेचना है-**हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

**बेचना है-** देवी नगर गली नं.- 4, महाराणा प्रताप चौक के पास बिलासपुर में पूर्व दिशा स्थित गेट बाउंड्रीवॉल सहित प्लाट साईज 70×35.7= 2500 वर्गफीट जमीन अतिशीघ्र बेचना है। सम्पर्क करें- 91111 69686, 8319755938 (38891)

**बेचना है-**परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्व सुविधायुक्त 2BHK मकान 25लाख एवं 3BHK मकान 27लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 98842 61185, 9827404638 (38838)

**बेचना है-**मोपका (चिल्हाटी) LIC city (साईं विहार कॉलोनी) में TNC रेरा एप्रूव्ड, रेडी पोजीशन में 3BHK मकान 44 लाख में उपलब्ध है बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9827404638, 90391 04638 (38839)

**बेचना है-** सरस्वती कॉलेज के सामने कोनी में 100X130, अरपा बिजनेस पार्क के सामने 92X150, सेंदरी बस स्टैंड चौक में 15000 वर्गफिट, मोपका सेंदरी बायपास नगोई में 11336 वर्गफिट, 22672 वर्गफिट, सेंदरी पेंड्रीडीह बायपास निरतू कोनी में 132X184 प्लाट बिलासपुर संपर्क 9575788444 (314)

**बेचना है-**मंगला लोखंडी मुख्य मार्ग पर पूर्ण विकसित आवासीय प्लाट, बाउंड्रीवॉल, सीसी रोड, मन्दिर, नाली, बैंक फाइनेन्स सुविधा। मात्र 899/- प्रति वर्गफीट में दीपावली तक बुकिंग पर रजिस्ट्री फ्री सम्पर्क- 9713666001 (38858)


छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## किराया

**किराया -** विनोबा नगर गायत्री मन्दिर के पास 2000 वर्गफीट में बना हुआ 2BHK प्रथम तल फुल फर्निश्ड, पार्किंग एवं सर्वसुविधायुक्त बंगला किराए से देना है सम्पर्क करें- 98271 58359 (38901)

## व्यापार

**व्यापार-**जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रति माह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित सम्पर्क करें-APS इंटरप्राइजेस रायपुर-9111760925, 99776 76447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर-88278 48099 (302)


आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

## फायनेंस

**फायनेंस-** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्कः- 9311830460 (319)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

**आज दोपहर 3 बजे से अटापट्टू और डिवाइन की टीमों में मुकाबला**

# श्रीलंका के खिलाफ अपनी लय बरकरार रखने उतरेगा न्यूजीलैंड

एजेंसी ▸▸| कोलंबो

पिछले मैच में जीत से उत्साहित पूर्व चैंपियन न्यूजीलैंड 14 अक्टूबर को जब आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के अहम मैच में सह-मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगा तो उसकी कोशिश अपनी लय बरकरार रखना होगा। दूसरी तरफ श्रीलंका अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाया है और उसकी टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

न्यूजीलैंड की टीम 2000 की चैंपियन है लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे अपने पहले दो मैच में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बाद वह बांग्लादेश को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने में सफल रही। न्यूजीलैंड की टीम अभी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उसने तीन मैचों में दो अंक हासिल किए हैं और उसका नेट रन रेट -0.245 है, जिसे वे सुधारना चाहेंगे।

### न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम में निरंतरता का अभाव

कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन पारियों में 86.66 की औसत से रन बनाए हैं। उनकी संयमित पारी और पांचवें नंबर की बल्लेबाज ब्रुक हॉलिडे के दमदार प्रदर्शन ने बांग्लादेश के खिलाफ टीम को जीत दिलाने में मदद की। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है, जो उसके लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। अनुभवी सूजी बेट्स, जॉर्जिया प्लिमर और अमेलिया केर को अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलने में संघर्ष करना पड़ा है, जिससे अधिकांश जिम्मेदारी डिवाइन के कंधों पर आ गई है। उन्हें अपनी लय हासिल करनी होगी और श्रीलंका के स्पिन आक्रमण के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा, विशेषकर उस पिच पर, जिसमें टर्न मिलने की उम्मीद है।



### श्रीलंका को करनी होगी जीत दर्ज

*जहां तक श्रीलंका का सवाल है तो उसे सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए अब हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। चमारी अटापट्टू की अगुवाई वाली टीम के खाते में तीन मैचों में एक अंक है, जो गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच बारिश की भेंट चढ़ने के कारण है। वह केवल पाकिस्तान से आगे सातवें स्थान पर है। श्रीलंका की टीम बल्लेबाजी में अपनी कप्तान अटापट्टू पर बहुत अधिक निर्भर है और अगर उसे जीत हासिल करनी है तो उसके अन्य बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। श्रीलंका की टीम को क्षेत्ररक्षण में भी काफी सुधार करना होगा, क्योंकि पिछले मैचों में कई कैच छूटने और खराब फील्डिंग के कारण उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है।*

### टीम इस प्रकार

**श्रीलंकाः** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमीं गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।

**न्यूजीलैंडः** सोफी डिवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, ईडन कार्सन, फ्लोरा डेवोनशायर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, ब्री इलिंग, पॉली इंगलिस, बेला जेम्स, मेली केर, जेस केर, रोज़मेरी मैयर, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहु।

---

**खबर संक्षेप**



### तेज गेंदबाजों को निशाना बनाने की रणनीति रही कामयाब

**विशाखापत्तनम।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने खुलासा किया कि उनके बल्लेबाजों ने पिच से बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी को मिल रही मदद को देखते हुए भारतीय तेज गेंदबाजों को निशाना बनाया और कहा कि मेजबान टीम के सीमित गेंदबाजी विकल्पों ने भी उनके लिए चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल करना आसान बना दिया। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला वनडे विश्व कप मैच में 331 रन के रिकार्ड लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करते हुए तीन विकेट से जीत हासिल की, जिसमें हीली ने 107 गेंदों पर 142 रन की शानदार पारी खेली। हीली और अन्य ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने भारत के तेज गेंदबाजों क्रांति गौड़ और अमनजोत कौर को निशाना बनाया, जिससे भारतीय टीम प्रबंधन की पांच गेंदबाजों के साथ खेलने की रणनीति की नाकामी उजागर हो गई।

### गिल के पास शायद के लिए कोई जगह नहीं : पटेल



**नई दिल्ली।** शुभमन गिल के साथ करीब से काम करने वाले पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल को पूरा यकीन है कि इस युवा को भारतीय नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालने में कोई दिक्कत नहीं होगी क्योंकि वह फैसले लेने में हिचकिचाते नहीं है। उन्होंने कहा कि फैसला लेने के मामले में गिल के पास 'शायद' का विकल्प नहीं होता है। पार्थिव पटेल ने कहा, ' गौतम (गंभीर) ने अब उनके साथ काफी समय बिताया है। मैंने उनमें (गिल) देखा है कि वह हर तरह की परिस्थितियों के लिए अच्छी तरह तैयारी करते हैं और मैंने एक सत्र में उनके फैसलों में दृढ़ता देखी है और वह जो करना चाहते हैं, उसके बारे में पूरी तरह आश्वस्त होते हैं।'

### भारतीय खिलाड़ियों के साथ टकराव से बचेंः पीएचएफ



**लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने अपनी राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को सलाह दी है कि वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह के टकराव से बचें और मंगलवार को मलेशिया के सुल्तान जोहोर कप के दौरान सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें। पूरी संभावना है कि भारतीय जूनियर हॉकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मैच में अपनी क्रिकेट टीम की तरह ही रवैया अपनाएगी। पीएचएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खिलाड़ियों को भारतीय टीम की हाथ न मिलाने की नीति के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों से कहा गया है कि अगर भारतीय खिलाड़ी मैच से पहले या बाद में हाथ नहीं मिलाते हैं तो उन्हें अनदेखा कर देना चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए।

---

**वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में बनाए 390 रन, भारत के सामने 121 रन का लक्ष्य**

# 'क्लीन स्वीप' से महज 58 रन दूर टीम इंडिया, कैम्पबेल-होप ने जड़ा शतक

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में अच्छी चुनौती पेश की लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि भारत को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच को जीतने और श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के लिए अब केवल 58 रन की जरुरत है। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में 390 रन बनाकर भारत के सामने 121 रन का लक्ष्य रखा।

> ■ भारत ने चौथे दिन 1 विकेट पर बनाए 63 रन

भारत ने सोमवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक 1 विकेट पर 63 रन बनाए हैं। दूसरी पारी में जॉन कैम्पबेल (199 गेंदों पर 115 रन) और शाई होप (214 गेंदों पर 103 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन जोड़कर संघर्ष करने का जज्बा दिखाया। लेकिन अगर मैच पांचवें दिन में चला गया तो उसका श्रेय जस्टिन ग्रीवस (नाबाद 50) और जेडन सील्स (32) को जाता है, जिन्होंने दसवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की।



### भारत की शुरुआत खराब

भारत ने 80 ओवर के बाद नई गेंद ली। इसके बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की कमजोरी खुलकर सामने आ गई। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने तीन-तीन, मोहम्मद सिराज ने दो तथा रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट लिया। छोटे लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहली पारी में 175 रन बनाने वाले यशस्वी जायसवाल (08) का विकेट जल्दी गंवा दिया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने जोमेल वारिकन की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर आसान कैच दिया। इसके बाद केएल राहुल (नाबाद 25) और आर साईं सुदर्शन (नाबाद 30) ने कोई झटका नहीं लगने दिया, जिससे भारत ने एक और बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी।

### सिराज ने ब्लेसिंग मुजरबनी को पछाड़ा

दिल्ली टेस्ट मैच में सिराज ने दोनों पारियों में 3 विकेट झटके। इन 3 विकेट की मदद से वो इस साल में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने और इस साल क्रिकेट के लंबे प्रारूप में उनके विकेटों की संख्या अब 37 हो चुकी है। उन्होंने मुजरबनी को पछाड़ दिया, जिन्होंने इस साल अब तक 36 विकेट अपने नाम किए हैं। साल 2025 में सिराज ने अब तक खेले 8 टेस्ट मैचों की 15 पारियों में 37 विकेट लिए हैं, जिसमें 5 विकेट हॉल 2 बार जबकि 4 विकेट हॉल भी दो बार लेने का कमाल उन्होंने किया है। इस दौरान एक पारी में उन्होंने बेस्ट गेंदबाजी 70 रन देकर 6 विकेट रहा है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर मौजूद मुजरबानी की बात करें तो उन्होंने 9 मैचों में 36 विकेट लिए हैं, जिसमें 3 बार 5 विकेट लेने का कमाल भी शामिल है।

### कुलदीप ने किया कमाल

साल 2025 में इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की बात करें तो वहां कुलदीप यादव ने अब तक 18 पारियों में 38 विकेट अपने नाम किए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर मौजूद सिराज ने 15 पारियों में 37 विकेट चटकाए हैं। लिस्ट में तीसरे नंबर पर वरुण चक्रवर्ती का नाम है। उन्होंने इस साल 15 पारियों में 31 विकेट लिए हैं। चौथे नंबर पर जसप्रीत बुमराह का नाम है। बुमराह ने 15 पारियों में अब तक 30 विकेट हासिल किए हैं। वहीं पांचवें नंबर पर मौजूद जडेजा ने 21 पारियों में 26 विकेट लिए हैं।

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी:518/5
वेस्टइंडीज पहली पारी: 248

| वेस्टइंडीज दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कैंपबेल पगबाधा जडेजा | 115 | 199 | 12 | 3 |
| चंद्रपॉल का गिल बो सिराज | 10 | 30 | 1 | 0 |
| अथानजे बो सुंदर | 07 | 17 | 1 | 0 |
| होप बो सिराज | 103 | 214 | 12 | 2 |
| चेज का (पडिक्कल) बो कुलदीप | 40 | 72 | 4 | 1 |
| इमलाच पगबाधा कुलदीप | 12 | 13 | 1 | 1 |
| जस्टिन ग्रीव्स नाबाद | 50 | 85 | 3 | 0 |
| पियरे का रेड्डी बो कुलदीप | 00 | 2 | 0 | 0 |
| वारिकन बो बुमराह | 03 | 6 | 0 | 0 |
| फिलिप्स का जुरेल बो बुमराह | 02 | 10 | 0 | 0 |
| सील्स का सुंदर बो बुमराह | 32 | 67 | 1 | 1 |

अतिरिक्त: 16, कुल योग: 118.5 ओवर में 390/10 रन
गेंदबाजी: सिराज 15-3-43-2, जडेजा 33-10-102-1, सुंदर 23-3-80-1, कुलदीप 29-4-104-3, बुमराह 17.5-5-44-3, जायसवाल 1-0-3-0

| भारत दूसरी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का फिलिप्स बो वारिकन | 08 | 7 | 2 | 0 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 25 | 24 | 2 | 0 |
| सुदर्शन नाबाद | 30 | 47 | 5 | 0 |

अतिरिक्त: 00, कुल योग: 10 ओवर में 63/1 रन
गेंदबाजी: सील्स 3-0-14-0, वारिकन 7-1-15-1, पियरे 6-0-24-0, चेज 2-0-10-0

---

**क्रिकेट**

# रणजी ट्रॉफी के लिए बिहार के उप कप्तान बने सूर्यवंशी

एजेंसी ▸▸| पटना



आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के पहले दो मैचों के लिए 14 वर्षीय प्रतिभाशाली बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को उपकप्तान नियुक्त किया है, जबकि सकीबुल गनी टीम के कप्तान होंगे। बिहार 15 अक्टूबर से मोइन-उल-हक स्टेडियम में प्लेट लीग सत्र के अपने पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश से भिड़ेगा। टीम की घोषणा बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने की।

पिछले रणजी सत्र में एक भी जीत दर्ज न कर पाने के कारण बिहार प्लेट लीग में खिसक गया था। सूर्यवंशी ने 2023-24 सत्र में 12 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया। बाद में वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अनुबंध हासिल करने वाले सबसे कम उम्र (13) के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने भारत की अंडर-19 टीम के साथ इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी किया।

सूर्यवंशी को आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम में चुना था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ केवल 35 गेंद पर शतक लगाकर पुरुष क्रिकेट में टी 20 में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र (14) का विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह आईपीएल का दूसरा सबसे तेज शतक भी था। सूर्यवंशी के बिहार के लिए पूरा सत्र खेलने की संभावना नहीं है, क्योंकि वह अगले साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले अंडर-19 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनने की दौड़ में होंगे।

---

# अब ऑस्ट्रेलिया जाएगी टीम इंडिया वनडे और टी-20 के होंगे मुकाबले



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद 19 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। ऑस्ट्रेलिया में टीम इंडिया को 3 मैचों की वनडे और 5 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेना है, जिसके लिए भारतीय टीम का ऐलान किया जा चुका है। ऑस्ट्रेलिया में आमतौर पर मैच की शुरुआत भारतीय समय के मुताबिक सुबह 4.30 या फिर 5.30 बजे शुरू होती है, जो भारतीय फैंस के लिए थोड़ी तकलीफ देने वाली तो जरूर होती है, लेकिन इस वनडे सीरीज या टी20 सीरीज में ऐसा नहीं होगा और इन मैचों को देखने के लिए इतनी सुबह जगने की की जरूरत नहीं होगी क्योंकि इन मैचों की शुरुआत जब तक होगी तब तक आप अपनी नींद पूरी कर चुके होंगे।

### वनडे सीरीज शेड्यूल

**पहला वनडे मैच :** 19 अक्टूबर- पर्थ- भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजे शुरू होगा।
**दूसरा वनडे मैच :** 23 अक्टूबर- एडिलेड- भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजे शुरू होगा।
**तीसरा वनडे मैच :** 25 अक्टूबर- सिडनी- भारतीय समय अनुसार सुबह 9 बजे से।

### टी20आई सीरीज शेड्यूल

**पहला टी20 मैच-** 29 अक्टूबर- कैनबरा- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**दूसरा टी20 मैच-** 31 अक्टूबर- मेलबर्न- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**तीसरा टी20 मैच-** 2 नवंबर- होबार्ट- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**चौथा टी20 मैच-** 6 नवंबर- गोल्ड कोस्ट- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।
**पांचवां टी20 मैच-** 8 नवंबर- ब्रिस्बेन- भारतीय समय अनुसार दोपहर 1.45 बजे शुरू होगा।

### भारतीय खिलाड़ियों का शानदार आगाज

**गुवाहाटी।** अल्थाजुआला हमर और वेन्नाला के की अगुवाई में भारतीय खिलाड़ियों ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अपने व्यक्तिगत अभियान की शानदार शुरुआत की। टीम चैंपियनशिप में भारत को ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाने में मदद करने के बाद वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ियों को शुरुआती दौर में बाई मिली है, जबकि अन्य खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में अपने अभियान का आगाज शानदार तरीके से किया।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-टेंडर नोटिस नं. एन.आई.टी./14/25/44, तिथिः 07.10.2025

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02251755B | 3-फेज लोकोमोटिव ट्रैक्शन मोटर बेयरिंग फॉर टी.एम. टाईप 6 एफआरए 6068 फॉर डब्ल्यूएजी 9 एण्ड डब्ल्यूएपी 7 लोकोमोटिव. | 27.10.2025 At 10:30 hrs | 400 सेट |
| 2 | 03251476 | एक्सल इंड स्टील हाई टेन्साईल कैप स्क्रूव [1 इंच डाया 8 यूएनसी-2ए, 2.25 ईंच थ्रेड लेंथ. | 31.10.2025 At 10:30 hrs | 151435 नग |
| 3 | 06255074A | सप्लाए, डिजाईन, मेनुफेक्चरिंग, इरेक्शन, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग, कमिसनिंग एण्ड प्रूव आउट टेस्ट ऑफ ईओटी क्रेन 15/5टी. | 10.11.2025 At 10:30 hrs | 5 नग / 480 मीटर |
| 4 | 04252525 | बैटरी बॉक्स फॉर नॉन एसी कोचेस विथआउट. | 04.11.2025 At 10:30 hrs | 378 नग |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरुरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-।।
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/370



**FEDERAL BANK**
YOUR PERFECT BANKING PARTNER
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि नीचे उल्लिखित खाते/खातों में स्वर्ण आभूषणों को फेडरल बैंक लिमिटेड, **रायपुर मुख्य शाखा, रायपुर/शंकर नगर शाखा, भिलाई शाखा तथा बिलासपुर शाखा द्वारा 30.10.2025** या किसी भी बाद की तिथि/दिनों को नीचे दर्शाई गई शाखाओं में निजी बिक्री के लिए रखा जाएगा क्योंकि संबंधित उधारकर्ता गिरवी रखी वस्तुओं को भुनाने/ऋण खाते/खातों को नियमित करने में विफल रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित शाखाओं से संपर्क किया जा सकता है।

| ग्राहक का नाम | ग्राहक का खाता क्रमांक |
|---|---|
| अजीत कुमार झा | 14456100039062 |
| शील मोहिनी डोंगरे | 14455600002562, 14456100039435, 14456900001817, 14456900001932, 14456400007447 |

**नीलामी/निजी बिक्री 30.10.2025 को की जाएगी।**
**रायपुर मुख्य शाखा - एलसी आर्केड, भूतल, वंदना बजाज के पास, आश्रम चौक, रामकुण्ड, जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.) - 492001, फोन नं. - 0771-2236278**

| ग्राहक का नाम | ग्राहक का खाता क्रमांक |
|---|---|
| योगिता बरमेड़ा | 19456100029332, 19456100029431 |
| सुबोध कुमार | 19456400020403, 19456100029373, 19456400020411 |
| पूजा जायसवाल | 19456100030108, 19456100029381, 19456900001101, 19456100030090, 19456400017060, 19456400017094, 19456900001093, 19456400016922 |
| प्रसेनजीत जाना | 19456400019371, 19456400019926 |
| विजय कुमार शर्मा | 19456100029480, 19456900001077 |
| राजू कुमार सिंह | 19456400019801 |
| अजीत मानड़े | 19456400019793 |
| सुभामोय नायक | 19456400019819 |
| रामप्रसाद चौहान | 19456400019900 |
| सुरेन्द्र सिंह बेनिपाल | 19455600002336, 19455600002294 |

**नीलामी/निजी बिक्री 30.10.2025 को की जाएगी।**
**रायपुर/शंकर नगर शाखा - 18/1421, कुशल वाटिका, न्यू शांति नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) - 492007, फोन नं. 07712422900**

| ग्राहक का नाम | ग्राहक का खाता क्रमांक |
|---|---|
| अनिल कुमार निर्मलकर | 25036400003500 |
| समीर कुमार भारती | 25036900000337 |
| विष्णु देव प्रसाद | 25036400003401, 25036400003559 |
| संगीता सिंह | 25036400003781 |
| नेहा चौधरी | 25036400002361 |
| धर्मशीला देवी | 25036900000139 |
| विद्याधर साहू | 25036400003450 |
| गीता साहू | 25036400003492 |
| रविन्दर सिंह | 25036400002502 |
| नाम दास मानिकपुरी | 25036400002866 |
| प्रशांत गुराव | 25036400003864 |
| जी. राजकुमार | 25036400003542 |
| मो. अकबर | 25036400003534 |

**नीलामी/निजी बिक्री 30.10.2025 को की जाएगी।**
**भिलाई शाखा - विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा), दक्षिण गंगोत्री, व्यवसायिक भूखण्ड योजना, सुपेला भिलाई नगर, दुर्ग (छ.ग.)-490023**

| ग्राहक का नाम | ग्राहक का खाता क्रमांक |
|---|---|
| शुभम केशरवानी | 16666400049516 |

**नीलामी/निजी बिक्री 30.10.2025 को की जाएगी।**
**बिलासपुर शाखा - फेडरल बैंक, गुरूकृपा बिल्डिंग, व्यापार विहार मेन रोड, बिलासपुर (छ.ग.), फोन नं. - 07752-261462**



Bureau of Indian Standards
The National Standards Body of India

**23,000* से अधिक भारतीय मानक** प्रतिदिन सुनिश्चित करते हैं
हर भारतीय को मिले गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवाएं
हर बार, लगातार



सुई से लेकर सेमीकंडक्टर, रेयर अर्थ से लेकर इलेक्ट्रिक कार, पेय जल प्रबंधन से लेकर रिन्यूएबल एनर्जी ग्रिड इंटीग्रेशन,
खिलौनों से लेकर स्कूली शिक्षा, सौंदर्य प्रसाधन से लेकर रेशम उत्पाद, स्टील बार से लेकर न्यूक्लीयर पावर, भवन निर्माण से लेकर भूस्खलन प्रबंधन,
बर्तन से लेकर ब्लॉकचेन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं योग से लेकर हस्पताल प्रबंधन,
ब्रांड मैनेजमेंट से लेकर फिनांशियल मैनजमेंट और डिजिटल गवर्नेंस से लेकर अंतरिक्ष मिशन तक
**तेजी से बढ़ते भारत की हर छोटी बड़ी ज़रूरतों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो नित नए मानकों का निर्माण कर रहा है।**
आइए, मानकों का उपयोग करें - अपने घर, कार्यालय और व्यापार में
और अपना योगदान दें, विकसित भारत के निर्माण में।

इस विश्व **मानक** दिवस
#WORLD**STANDARDS**DAY
14 अक्टूबर 2025
भाग लें **राष्ट्रीय ऑनलाइन क्विज** में
हर भारतीय के लिए अवसर

क्विज में भाग लेने के लिए रजिस्टर करें
क्विज लिंक 14 अक्टूबर 2025, दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा
प्रथम पुरस्कार - ₹ 5,000 | द्वितीय पुरस्कार - ₹4,000 | तृतीय पुरस्कार - ₹3,000
सांत्वना पुरस्कार - ₹1,000
(प्रत्येक पुरस्कार श्रेणी में 10 विजेता पुरस्कृत किए जाएंगे)

संभावित प्रश्नों के उत्तर स्टैंडर्ड्स वॉच-18,19, 20 में मिलेंगे
@IndianStandard
देखने के लिए स्कैन करें

@Indianstandards
* (सितंबर 2025 में नये और संशोधित मानकों की कुल संख्या लगभग 23,618 है)

बेहतर विश्व के लिए साझा विज़न
IEC ISO ITU




दुर्लभ जैविक बनावट की वजह से बना चर्चा का विषय

# थाइलैंड में मिली आधा नर और आधा मादा मकड़ी

**बैंकाक।** वैज्ञानिक समय-समय पर ऐसी जीवों की खोज करते हैं, जो बेहद हैरान करने वाले होते हैं। दुनिया में कई ऐसे जीव हैं, जिनके बारे में वैज्ञानिकों को भी बेहद कम जानकारी है। अब थाईलैंड के घने जंगलों में एक ऐसा जीव मिला है, जिसने वैज्ञानिकों को हैरत में डाल दिया है। यहां वैज्ञानिकों को एक अद्भुत और दुर्लभ मकड़ी मिली है। इसके शरीर का एक हिस्सा नर का है तो दूसरा मादा का है। थाइलैंड के जंगलों में मिली मकड़ी दुर्लभ जैविक बनावट की वजह से लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। इस खोज से इंसानों को प्रकृति के एक और रहस्यमयी पहलू का पता चला है। इस जीव के शरीर के एक तरफ नर और दूसरी तरफ मादा के गुण हैं, जो इसे अत्यंत दुर्लभ बनाते हैं।



### विज्ञान के लिए एक नई और महत्वपूर्ण खोज

चुलालोंगकॉर्न यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता मकड़ियों के बिल की खोज कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने इस अनोखे जीव को देखा। वैज्ञानिकों ने मकड़ी के रंग और शारीरिक बनावट में देखा, तो यह साफ हो गया कि यह विज्ञान के लिए एक नई और महत्वपूर्ण खोज है। उन्होंने तुरंत चुलालोंगकॉर्न यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ से संपर्क किया। विशबोन स्पाइडर प्रजाति की यह मकड़ी जमीन में बिल बनाकर रहती है। यह अपने शिकार पर छिपकर हमला करती है। वैज्ञानिकों को यह आशंका है कि यह जहरीली हो सकती है, क्योंकि इसने प्रयोगशाला में शोध के दौरान भी अपने नुकीले दांतों से हमला करने की कोशिश की थी। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि क्या यह अनोखी मकड़ी प्रजनन कर सकती है? यह सवाल जीव विज्ञान की समझ को और भी गहरा कर सकता है।

शोध करने के बाद शोधकर्ताओं का कहना है कि अभी निश्चित नहीं हैं कि यह मकड़ी अपने आप बच्चे पैदा कर सकती है या नहीं। प्रयोगशाला में जांच के बाद पता चला कि शरीर में मादा जननांग मौजूद थे, लेकिन नर जननांग इतने विकसित नहीं थे कि वे निषेचन के लिए शुक्राणु स्थानांतरित कर सकें। शोधकर्ताओं मानते हैं कि कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से इसके प्रजनन की संभावना को तलाशा जा सकता है।

अगर इसमें सफलता मिलती है, तो इससे न सिर्फ दुर्लभ प्रजाति के संरक्षण में मदद मिलेगी, बल्कि गाइनैंड्रोमॉर्फिज्म की घटना पर भी नई जानकारी प्राप्त होगी।

### दुर्लभ आनुवंशिक त्रुटि

इस मकड़ी का बायां भाग नारंगी रंग का है, जो मादा के गुणों को दर्शाता है, जबकि दायां सफेद रंग का है जो नर के गुणों को दिखाता है। शरीर के अंगों और रंगों में विभाजन ही इस मकड़ी की खास बात है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह एक दुर्लभ आनुवंशिक त्रुटि है। शोधकर्ताओं ने इस नई प्रजाति का नाम जापानी कार्टून 'वन पीस' में एक किरदार 'इनाजुमा'के नाम पर रखा है, जिसमें लिंग बदलने की क्षमता होती है। यह मकड़ी की द्विलिंगी प्रकृति से मेल खाता है। वैज्ञानिकों ने थाईलैंड के कंचनाबुरी प्रांत के एक जंगल में सड़क किनारे इस मकड़ी को खोजा है।

# हमलावरों से बचने की गजब की तरकीब, गिद्ध उगलते हैं जहर

एजेंसी ▶▶ लंदन

दुनियाभर में ऐसे कई पक्षी पाए जाते हैं, जिन्हें देखने के बाद लोगों को आश्चर्य होता है। इनके पास कुछ ऐसी तरकीब है जिसकी वजह से इन पर हमला करने वाले लोग दूर चले जाते हैं। ये हमलावरों पर एसिड और सेमी डाइजेस्टेड मीट की वोमिटिंग करते हैं। टर्की गिद्ध उपोष्णकटिबंधीय जंगल, झाड़ियां और रेगिस्तान शामिल हैं। जानकारी के अनुसार इनके सिर गंजे होते हैं ताकि ये शव को खाने लगे तो उनके पंखों में खून और आंत न फंसे। इन गिद्धों के भागने का तरीका अनोखा है। जब इन्हें धमकाया या डराया जाता है तो ये हमलावरों पर एसिड और सेमी डाइजेस्टेड मीट की वोमिटिंग करते हैं। ये काफी ज्यादा खतरनाक होता है।

ऐसा कहा जाता है कि गैसट्रिक एसिड बैटरी एसिड जितना ही मजबूत होता है। ये मानव पेट में पाए जाने वाले एसिड से 100 गुना अधिक मजबूत होता है।




# दीपावली पर बिक रहा 'अनोखा' दीया, तेल-घी नहीं पानी से है जलता



**नई दिल्ली।** वैसे तो आप सभी लोगों ने तेल के माध्यम से लाइटों के माध्यम से और घी के माध्यम से दीपक जलता हुआ देखा होगा। अलग-अलग तरीके से स्वदेशी को बढ़ावा देने का भी प्रयास किया जा रहा है, लेकिन गोंडा के स्वदेशी मेले में एक ऐसा दीपक बिक रहा है, जो पानी से जलता है। यह दीपक पानी से जलने वाला दीपक है, जो पानी डालने के बाद लगभग 8 घंटे तक जलता रहता है और इसमें किसी अन्य प्रकार के उपकरण लगाने की आवश्यकता नहीं है। गोंडा के स्वदेशी मेले में पहुंच रहे लोग इस दीपक की जमकर खरीदारी कर रहे हैं।


### कैसे करता है काम

इस पानी से जलने वाले दीपक में एक बैटरी और सर्किट है जब आप पानी डालते हैं तो सर्किट पूरा हो जाता है और दीपक जलने लगता है। यह दीपक बिना तेल, बिना बाती के और बिना किसी घी और सामान के 8 घंटे तक जलता रहता है। इस वर्ष भी आप इस दीपक का उपयोग कर सकते हैं और अगले वर्ष भी आप इस दीपक का उपयोग कर सकते हैं क्योंकि यह दीपक खराब होना नहीं है स्वदेशी तरीके से बनाया गया है। 18 अक्टूबर तक यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला चलेगा और हम लोग यहां पर स्वदेशी उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं।

### स्वयं समूह की महिलाओं ने किया तैयार

पानी से जलने वाले इस दीपक को किसी बड़े संस्था द्वारा नहीं, बल्कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ही बनाया गया है, जिसकी बिक्री करके स्वदेशी को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। जिसकी बिक्री करके स्वदेशी को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। इस दीपक की डिमांड धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है पारंपरिक पूजन के बाद पानी के दिए से घर को रोशन करने की तैयारी में लोग लगे हुए हैं। यह दीपक लखनऊ में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाया जाता है तो गोंडा में लाकर के स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बिक्री करती है।







### यहां परंपरा के नाम पर बेचे जाते हैं लड़के

**काबुल।** अफगानिस्तान में एक बहुत पुरानी परंपरा है। इसे बच्चाबाजी कहा जाता है। इस परंपरा के तहत मां-बाप कच्ची उम्र में अपने बच्चों को बेच देते हैं। इसके बाद इन बच्चों को लड़कियों की तरह तैयार किया जाता है। बड़े लोगों की महफ़िलों में ये बच्चे नाचने जाते हैं। उस पार्टी के बाद इन बच्चों को जो टॉर्चर झेलना पड़ता है, उसके बाद शायद ही कोई बच्चा लड़के के रूप में पैदा होना चाहेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com